डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति शनिवार को प्रकाशित, अंक-सं. 17.10.2022 से 23.10.2022 | वर्ष-39 | अंक-42 | मूल्य-10.00

श्री महाकाल लोक का लोकार्पण

भारत के सांस्कृतिक वैभव की पुनर्स्थापना का लाभ पूरे विश्व और समूची मानवता को मिलेगा - प्रधानमंत्री

"भारत के सांस्कृतिक वैभव की पुनर्स्थापना का लाभ न केवल भारत को अपितु पूरे विश्व एवं समूची मानवता को मिलेगा। उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' की स्थापना इसी की कड़ी है। यह काल के कपाल पर कालातीत अस्तित्व का शिलालेख है। उज्जैन भारत की सांस्कृतिक अमरता की घोषणा और नये कालखण्ड का उद्घोष कर रहा है। हमारे लिये धर्म का अर्थ कर्तव्यों का सामूहिक संकल्प, विश्व का कल्याण एवं मानव मात्र की सेवा है। हमने आजादी के पहले जो खोया था, उसकी आज पुनर्स्थापना हो रही है। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण के बाद जन समारोह को सम्बोधित करते हुये कहीं।"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' का रिमोट दबाकर लोकार्पण करते हुये।

उज्जैन, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'श्री महाकाल लोक' दिव्य है। यहां सब कुछ अलौकिक, अविस्मरणीय एवं अविश्वसनीय है। महाकाल की आराधना अन्त से अनन्त की यात्रा है, आनन्द की यात्रा है, इससे काल की रेखाएं भी मिट जाती हैं। महाकाल लोक आने वाली कई पीढ़ियों को अलौकिक दिव्यता और सांस्कृतिक ऊर्जा की चेतना प्रदान करेगा। इस अद्भुत कार्य के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, उनकी सरकार और मन्दिर समिति का मैं हृदय से अभिनन्दन करता हूं, जिन्होंने निरन्तर पूरे समर्पण से सेवा-यज्ञ किया है।

श्री मोदी ने कहा कि भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन वह नगरी है, जो प्रलय के प्रहार से भी मुक्त है। 'प्रलयो न बाध्यते, तत् महाकाल पूज्यते'। उज्जैन न केवल काल गणना एवं ज्योतिषीय गणना का केंद्र है, अपितु यह भारत की आत्मा का केंद्र भी है। यह पवित्र सात पुरियों में एक है। यहां भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की। विक्रमादित्य के प्रताप से भारत के स्वर्णकाल की शुरुआत हुई। विक्रम संवत महाकाल की भूमि से ही शुरू हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उज्जैन के क्षण-क्षण में इतिहास, कण-कण में आध्यात्म और कोने-कोने में ईश्वरीय ऊर्जा है। यहां कालचक्र के चौरासी कल्पों के प्रतीक चौरासी महादेव, चार महावीर, छह विनायक, आठ भैरव, अष्टमातृका, नौ ग्रह, दस विष्णु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य, चौबीस देवियां एवं 88 तीर्थ हैं। इन सबके केंद्र में कालाधिराज महाराज विराजमान हैं। पूरे ब्रह्माण्ड की ऊर्जा को ऋषियों ने प्रतीक रूप में समाहित किया। उज्जैन ने एक हजार वर्षों तक भारत की सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, गरिमा, साहित्य, कला का नेतृत्व किया। कालिदास एवं बाणभट्ट की रचनाओं में यहां की सभ्यता, संस्कृति, शिल्प और वैभव का वर्णन मिलता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे प्राचीन मन्दिरों की दिव्यता, भव्यता, वास्तु और कला हमें आश्चर्यचकित करती है। कोणार्क का सूर्य मन्दिर, एलोरा का कैलाश मन्दिर, मोढेरा का सूर्य मन्दिर, तंजौर का ब्रह्मदेवेश्वर मन्दिर, कांचीपुरम का तिरूमल मन्दिर, रामेश्वरम मन्दिर, मीनाक्षी मन्दिर और श्रीनगर का शंकराचार्य मन्दिर बेजोड़ है। हमारे मन्दिरों का आध्यात्मिक सन्देश आज भी स्पष्ट रूप से सुनाई देता है। पीढ़ियां इसे देखती हैं, सुनती हैं। ये हमारी निरन्तरता और परम्परा के वाहक हैं।

श्री मोदी ने कहा कि महाकाल लोक में हमारी सांस्कृतिक परम्परा को कला एवं शिल्प के रूप में उकेरा गया है। यहां शिवपुराण की कथाओं पर आधारित कलाकृतियां बनाई गई हैं। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे यहां अवश्य आयें। यहां भगवान शिव के दर्शन के साथ ही उनकी महिमा और महत्व के दर्शन भी होंगे। यहां निर्मित पंचमुखी शिव, डमरू, अर्धचंद्र, सप्तऋषि मण्डल अद्वितीय हैं। शिव ही ज्ञान है। शिव दर्शन ब्रह्माण्ड दर्शन है। ज्योतिर्लिंगों का विकास भारत की आध्यात्मिक ज्योति ज्ञान एवं दर्शन का विकास है। भारत अब विश्व के मार्गदर्शन के लिये फिर तैयार है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत में हजारों वर्षों से कुंभ मेले की परम्परा है। हर बारह वर्ष में हम अमृत मंथन करते हैं और उसमें निकलने वाले अमृत पथ पर चलते हैं। पिछले कुंभ मेले में मैं उज्जैन आया था। उस समय मेरे मन में श्री महाकाल लोक सम्बन्धी संकल्प आया, जिसे अब संकल्प के रूप में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चरितार्थ किया है।

समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 2016 के सिंहस्थ में विचार महाकुंभ भी हुआ था, जिसमें प्रधानमंत्री आये थे। विचार महाकुंभ में 51 अमृत बिन्दु निकले, जिनमें से एक श्री महाकाल लोक की स्थापना का कार्य भी था। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से इस कार्य की शुरुआत की गई। वर्ष 2018 में कैबिनेट ने इसे स्वीकृति दी, वर्ष 2019-20 में यह कार्य मंद हो गया, लेकिन वर्ष 2020 के बाद तेजी से हुआ। अब इसका लोकार्पण हो रहा है। भगवान शिव सबका कल्याण करने वाले हैं, थोड़ी-सी पूजा से वे प्रसन्न हो जाते हैं, जिसे दुनिया ठुकराती है, उसे अपनाते हैं। उन्होंने पूरी दुनिया को अमृत दिया और स्वयं जहर पिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भौतिकता से दग्ध मानवता को शाश्वत शान्ति का अद्भुत दर्शन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत करायेगा। हम सभी भारत के नवनिर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

राष्ट्र का सांस्कृतिक वैभव उसकी पहचान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि किसी राष्ट्र का सांस्कृतिक वैभव, उसकी पहचान उसकी सफलता की सबसे बड़ी निशानी है। भारत में हमारे धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निरन्तर विकास किया जा रहा है। उज्जैन सहित सोमनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ आदि केंद्रों का समुचित विकास किया जा रहा है। चारधाम प्रोजेक्ट में ऑल वेदर रोड बनाये जा रहे हैं। हमने स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाएं चलाई हैं। हमारे धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्रों का गौरव पुनर्स्थापित हो रहा है।

भारत में ही उदय हुआ सभ्यता का सूर्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत में ही सभ्यता के सूर्य का उदय हुआ। हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः भी है। हमारा सन्देश विश्व कल्याण का है। भारत के इसी सन्देश को स्वामी विवेकानन्द ने सारी दुनिया को दिया। एक नरेन्द्र ने जो किया दूसरा नरेन्द्र आज उसे पूरा कर रहा है। हमारा योग, उपनिषद, गीता-ज्ञान, आयुष वे दुनिया में लेकर गये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली भारत का निर्माण कर रहे हैं।

जन उत्सव के रूप में मनेगा मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि मध्यप्रदेश के 67वां स्थापना दिवस जन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। प्रदेशवासियों के साथ मिलकर हम सब आगामी स्थापना दिवस तक के लक्ष्य तय कर उन्हें प्राप्त करने का संकल्प लेंगे। प्रदेश में विकास के क्षेत्र में कई उपलब्धियां अर्जित की हैं। साथ ही हमारी परंपरा, जीवन मूल्यों और संस्कारों पर केंद्रित कई कार्यक्रम भी आयोजित हुए हैं। नर्मदा सेवा यात्रा, एकात्म यात्राएं, अमर क्रांतिकारी शहीदों के स्मारकों का निर्माण इनमें प्रमुख हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

इंदौर में होगा प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम

प्रवासी भारतीय एकजुट होकर बन गए हैं एक परिवार - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रवासी भारतीयों को हमने एक परिवार के रूप में जोड़ दिया है। कोविड काल और विभिन्न अवसरों पर प्रवासी भारतीयों ने जो सहयोग किया वह अतुलनीय है। यूक्रेन युद्ध के समय, ऑपरेशन गंगा में भी प्रवासी भारतीयों का सहयोग मिला था। दुनिया के विभिन्न देशों में रहने वाले भारतीय एकजुट हैं। इंदौर में आगामी 8, 9 और 10 जनवरी 2023 को प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन का दायित्व विदेश मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से करने के लिए मध्यप्रदेश को मिला है, जो सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को अत्यधिक सफलता मिलेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रवासी भारतीय दिवस 2023 के लिए तैयार की गई वेबसाइट https://pbdindia.gov.in के लॉन्चिंग कार्यक्रम को भोपाल स्थित अपने निवास से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, केंदीय राज्यमंत्री श्री व्ही.एस. मुरलीधरन, विदेश मंत्रालय के सचिव डॉ. औसफ सैयद नई दिल्ली से वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर प्रवासी भारतीय दिवस की वेबसाइट लॉन्च की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 जनवरी 1915 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस लौटे थे। इस उपलक्ष्य में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का प्रतीक है। कोविड काल में प्रवासी भारतीय दिवस नहीं मनाया जा सका था। इस वर्ष 17वें प्रवासी भारतीय दिवस पर इंदौर में 8, 9 और 10 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं।

मध्यप्रदेश में वर्ष 2015 में प्रवासी भारतीय विभाग का गठन किया गया। फ्रेंड्स ऑफ एमपी पोर्टल का निर्माण भी किया गया। इंदौर में तीन दिनी प्रवासी भारतीय दिवस के कार्यक्रमों के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं कि सभी कार्यक्रम अद्भुत हों। इंदौर नगर स्वच्छता का चैंपियन है।

खाद की उपलब्धता के साथ भंडारण और वितरण भी व्यवस्थित हो

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में खाद्य वितरण कार्य की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद कुछ स्थानों पर खाद प्राप्त न होने के संबंध में प्राप्त किसानों की शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए। मध्यप्रदेश को आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध करवाने में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री श्री मनसुख लाल मंडाविया से भी समय-समय पर चर्चा होती है और प्रदेश के किसानों के लिए उर्वरक की आपूर्ति का कार्य विना बाधा के होता रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित निवास पर हुई बैठक में प्रदेश में खाद वितरण कार्य की समीक्षा करते हुये कहीं।

बैठक में मार्कफेड द्वारा खाद के एक से अधिक विक्रय पाइंट बनाने और स्कंध खत्म होने के पहले भंडारण सुनिश्चित करने पर सहमति हुई। लगातार समीक्षा कर यह कार्य किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। ऐसे में मार्कफेड और अन्य संबंधित संस्थाओं द्वारा ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं कि खाद न मिलने की कहीं से भी शिकायत नहीं आए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

8 अक्टूबर

यूपीएससी ने लॉन्च किया भर्ती परीक्षाओं की सूचना देने वाला एप

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों के लिये एक मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस एप के जरिये युवाओं को यूपीएससी की परीक्षा और भर्ती से संबंधित जानकारी आसानी से मुहैया होगी। यूपीएससी ने एक बयान जारी कर कहा कि संघ लोक सेवा आयोग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिये यह एप लॉन्च किया है। इस एप पर परीक्षाओं से जुड़ी सभी जानकारियां उपलब्ध होंगी, हालांकि इस एप पर आवेदन फॉर्म भरने और जमा करने की सुविधा नहीं होगी।

● यूरोपीय संघ ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। यूरोपीय संघ ने अपने सभी देशों को अपना परंपरागत ईंधन का स्टॉक सार्वजनिक करने को कहा है। यूरोपीय संघ ने कहा कि सभी देशों को एनर्जी चार्टर संधि के अनुसार परंपरागत ईंधन का उपयोग वर्ष 2030 तक कम करना है। देखने में आया है कि कई देश गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों को अपना नहीं रहे हैं, इससे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

9 अक्टूबर

भारतीय वायु सेना को मिली नई ब्रांच और यूनिफॉर्म

● भारतीय वायु सेना के 90वें स्थापना दिवस पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल श्री वी.आर. चौधरी ने वायु सेना की ऑपरेशनल वेपन ब्रांच की स्थापना करने की घोषणा की। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई ब्रांच की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उड़ान परीक्षण के खर्च में कमी आयेगी और लगभग 3400 करोड़ रुपये की बचत होगी। यह ब्रांच हमारे पास मौजूद हर तरह की हथियार प्रणाली का रख-रखाव करेगी। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल ने वायु सेना की नई वर्दी को भी लॉन्च किया। वायु सेना की नई यूनिफॉर्म भारतीय सेना की वर्दी की तरह ही है। यह वर्दी बेहद हल्की और लचीली है।

● रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले कर्च रेल-रोड पुल पर विस्फोट के बाद रूस ने यूक्रेन पर जवाबी कार्रवाई करते हुये यूक्रेन के जपोरिजिया शहर पर हमले तेज कर दिये हैं। हमले में कई रिहाइशी इमारतें और कई भवन ध्वस्त हो गये। इन हमलों में कई लोगों की जानें भी गई हैं। जपोरिजिया के मिलिट्री चीफ ऑलेक्जेंडर स्टारूख ने बताया कि हमले में मारे गये लोगों में बच्चे भी शामिल हैं।

10 अक्टूबर

आरबीआई जल्द ही जारी करेगा डिजिटल रुपया

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये जल्द ही सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) या डिजिटल रुपया जारी करेगा। आरबीआई ने इस संबंध में एक कॉन्सेप्ट पेपर जारी किया है। डिजिटल करेंसी आरबीआई के लिये किफायती होने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के लिये भी रख-रखाव में आसानी होगी। आरबीआई ने कहा कि इससे पेपर नोट के प्रबंधन और छपाई में होने वाले खर्च से मुक्ति मिलेगी। आरबीआई ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में पेपर नोट की छपाई पर 4984 करोड़ रुपये का खर्च आया था। डिजिटल करेंसी आने से इस खर्च पर लगाम लगेगी।

● देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की दशा सुधारने तथा उनके रखरखाव और मरम्मत की प्रक्रिया को तेज करने के लिये केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इस मद में खर्च बढ़ायेगा। मंत्रालय रखरखाव और मरम्मत में कुल बजट का दस प्रतिशत तक खर्च कर सकता है। पहले इस मद में महज बजट की चार प्रतिशत राशि खर्च होती थी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार राजमार्गों के निर्माण में तेजी आई है। उसी अनुसार सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति भी बढ़ी है, ऐसे में राजमार्गों की मरम्मत पर भी खर्च बढ़ना चाहिये।

11 अक्टूबर

यूजीसी ने कॉलेजों को स्वायत्त बनाने के संशोधित नियमों को दी मंजूरी

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कॉलेजों के स्वायत्त बनाने के संशोधित नियमों को मंजूरी प्रदान की है। इस नियम के तहत अब देश के मान्यता प्राप्त कॉलेज अपने स्तर पर नये कोर्स तैयार कर पायेंगे। इसके अलावा मौजूदा कोर्स को रिव्यू और रीडिजाइन भी कर सकेंगे। इस नियम के तहत कॉलेज परीक्षाओं का संचालन, परीक्षा परिणाम और छात्रों को असेसमेंट के लिये स्वयं के तरीके ईजाद कर सकेंगे। संशोधित नियमों के अनुसार स्वायत्त दर्जा शुरुआत में दस वर्ष का होगा। आगे इसका विस्तार अगले दस वर्षों के लिये होगा। 15 वर्ष तक स्वायत्त रूप में काम करने वाले कॉलेज स्थाई रूप से स्वायत्त माने जायेंगे।

● केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश में आपात स्वास्थ्य परिस्थितियों और अन्य जरूरी कार्यों में हेलीकॉप्टर के इस्तेमाल के लिये एक हेली पॉलिसी को लागू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हम हेलीकॉप्टर आपात स्वास्थ्य सेवा (एचईएमएस) के लिये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में हेलीकॉप्टर उपलब्ध करवाकर प्रोजेक्ट संजीवनी शुरू करने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत 20 मिनट के नोटिस पर हेलीकॉप्टर अस्पताल में उपलब्ध होगा और 150 किलोमीटर के दायरे में अपनी सेवायें प्रदान करेगा।

12 अक्टूबर

आईएमएफ ने भारत की विकास दर 6.8 प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

● वैश्विक मंदी का असर भारत की विकास दर पर भी पड़ रहा है। विश्व बैंक के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी भारत सहित पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान घटाया है। आईएमएफ द्वारा जारी एक वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की विकास दर 6.8 प्रतिशत रह सकती है। इस विकास दर के साथ भारत अभी भी विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रूस ने अमेरिका की कंपनी मेटा को आतंकियों और चरमपंथियों की सूची में डाल दिया है। मेटा विश्व की लोकप्रिय सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक की पैरेंट कंपनी है। माना जा रहा है कि रूस ने यह कार्रवाई क्रीमिया के निकट रेल-रोड ब्रिज पर हुये हमले के जवाब में की है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका की अगुवाई वाला सैन्य संगठन नाटो खुलकर यूक्रेन के पक्ष में है।

13 अक्टूबर

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत के 75 संस्थान हुये शामिल

● टाइम्स हायर एजुकेशन ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2023 जारी कर दी है। इस वर्ष रैंकिंग में भारत के 75 शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। भारतीय संस्थानों में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु शीर्ष पर रहा। आईआईएससी विश्व टॉप-300 में जगह बनाने वाला एकमात्र भारतीय संस्थान रहा। रैंकिंग में भारत 75 संस्थानों के साथ छठवां सबसे अधिक प्रतिनिधित्व करने वाला देश बन गया है। टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी किये गये बयान के अनुसार विश्व स्तर पर 104 देशों के 1799 संस्थानों में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में उभरा है।

● सहकारी क्षेत्र में सुधार के लिये केंद्र सरकार ने मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट में संशोधन करने का फैसला किया है। इस संबंध में सहकारिता मंत्रालय के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। इस प्रस्ताव का उद्देश्य सहकारिता के क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के साथ उसकी निचली से लेकर शीर्ष इकाई तक होने वाली चुनाव प्रक्रिया में सुधार लाना है।

14 अक्टूबर

मेडिकल उपकरणों की थोक और खुदरा बिक्री के लिये लाइसेंस अनिवार्य

● केंद्र सरकार ने देश में मेडिकल उपकरणों की थोक और खुदरा बिक्री के लिये लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य बना दिया है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने मेडिकल उपकरणों की बिक्री के लिये लाइसेंस के संबंध में जरूरी अधिसूचना जारी की है। सीडीएससीओ के एक अधिकारी ने बताया कि देश में मेडिकल उपकरणों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और इसका इस्तेमाल करने वाले लोगों के हितों की सुरक्षा के लिये लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया गया है। नई अधिसूचना के तहत मेडिकल उपकरणों की गुणवत्ता सही नहीं पाये जाने की स्थिति में इसे बेचने वाले का लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है।

● भारतीय रेलवे ने सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर देश में एक जगह से दूसरी जगह सामान पहुंचाने के लिये सुपरफास्ट मालगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे बोर्ड द्वारा बताया गया कि सुपरफास्ट मालगाड़ी दिल्ली एनसीआर तथा मुंबई क्षेत्र के बीच चलाई जायेगी। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में सभी क्षेत्रीय रेलवे महाप्रबंधकों को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार इस मालगाड़ी का नाम 'फ्रेट ईएमयू' होगा। यह ट्रेन एक सुपरफास्ट पार्सल सेवा के रूप में काम करेंगी। इस ट्रेन का उद्देश्य उच्च मूल्य और समय के प्रति संवेदनशील माल खेपों को उनके गंतव्य तक पहुंचाना है, जिनकी ढुलाई वर्तमान समय में यातायात के अन्य साधनों से की जा रही है। सुपरफास्ट मालगाड़ियों को 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से कंटेनर परिवहन के लिये डिजाइन किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh, Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2022-23

MASTER OF PHYSIOTHERAPY (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports)
2 years PG Degree Program, Eligibility : BPT

BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY
4½ years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.

BACHELOR MEDICAL LAB. TECHNICIAN
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.

BACHELOR OF HUMAN NUTRITION
3 years UG Degree Program, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN MEDICAL LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN DIALYSIS TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN ANESTHESIA
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN X-RAY RADIOGRAPHER TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN OPTOMETRIC REFRACTION
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

DIPLOMA IN CATH. LAB. TECHNICIAN
2 years Diploma Course, Eligibility : 10+2 With PCB.

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Attached with People's Teaching Hospital 1500 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. | Separate hostel facility Scholarship facility available. | Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. | Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com

R-47653/2022

GWALIOR INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY Estd 2008
Approved by AICTE, Affiliated to RGPV, Bhopal, Recognized by DTE, M. P., Bhopal
Teaching FACULTY And Staff REQUIRED
Teaching FACULTY required in following disciplines :
• Electronic & Com. Engg. • Civil Engg.
• Computer Sc. & Engg. /Info Tech. • Mech. Engg.
• Engg. Math. • Engg. Physics
• Engg. Chem. • Humanities
ALSO REQUIRED:
• DIRECTOR • REGISTRAR • MARKETING MANAGER
• ACCOUNTANT • COUNSELORS • WORKSHOP
• SUPERINTENDENT • GARDENER • PEON
Walk-In-Interview - 17 to 22 Oct' 2022
between 11am to 3pm Pl bring your CV,
copies of testimonies, PAN, Aadhar Card & 2 photographs
Alternatively, e-mail us at : giitgwl@yahoo.com
Qualifications, Work Experience and Salary as per AICTE norms
Venue: College Campus Near Police Station Maharajpura, Gwalior (M.P.) Mob. 91116 88808
- Chairman

R-47652/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 42 17.10.2022 से 23.10.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता से हो

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में चिन्हित योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाये। इस अभियान में कोई भी पात्र हितकारी न छूटे। अभियान में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाये। सभी कलेक्टर लंबित आवेदनों के संबंध में तत्काल निर्णय लेकर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। जारी की गई स्वीकृतियों में हितलाभ वितरण की कार्यवाही में विलंब न हो। अभियान में आवेदनों के निराकरण की धीमी गति अक्षम्य होगी। आवेदनों को अस्वीकृत और स्वीकृत करने एक समान मानक अपनाये जायें। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित अपने निवास कार्यालय में जनसेवा अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने जनसेवा अभियान में 21 दिन में 22 लाख से अधिक आवेदन निराकृत करने के लिये सभी सम्मानित अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अभियान में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने, अभियान का सभी ग्राम और वार्डों में प्रचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने झाबुआ और अलीराजपुर में भूमि के संयुक्त खातों को पृथक-पृथक करने, नामांतरण और बंटवारा के लिये राजस्व विभाग का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभिन्न संभागों और जिलों की विशेष परिस्थिति के अनुसार वहां विद्यमान समस्याओं के समाधान के लिये विशेष गतिविधियां संचालित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान में लग रहे शिविरों की प्राथमिकता तभी स्थापित होगी, जब प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से देखकर उनपर व्यवस्थित रूप से विचार होगा और उनका निश्चित निराकरण किया जायेगा। संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव मंत्रालय से अभियान की निरंतर समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के बाद जिलों के दौरों में इन योजनाओं से संबंधित आवेदन या समस्याएं प्राप्त हुईं तो यह माना जायेगा कि जिले ने अभियान को गंभीरता से नहीं लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा अभियान में प्राप्त हितलाभ वितरण मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एक नवम्बर से किया जायेगा। सभी जिलों में भव्य और गरिमापूर्ण कार्यक्रम कर लाभार्थियों को भौतिक रूप से स्वीकृति पत्र या लाभ वितरित किये जायेंगे। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति और लाड़ली लक्ष्मी में स्वीकृति जारी करना जैसी योजना शामिल हैं। समीक्षा बैठक में इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

सौर ऊर्जा से चलेगी कार हवा से सोखेगी कार्बन

आज पूरी दुनिया में ऐसे वाहनों की बहुतायत है, जो पेट्रोल और डीजल से चलते हैं। इनसे प्रदूषण फैलता है, यह एक सर्वविदित तथ्य है। प्रदूषण दुनिया में एक प्रमुख समस्या है। इसे कम करने के उपायों पर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। वाहन प्रदूषण जलवायु परिवर्तन के बड़े कारणों में से एक है। अब इस समस्या से निपटने के लिये नीदरलैंड की आइंडहोवन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों की एक टीम ने सौर ऊर्जा से चलने वाली अनोखी कार बनाई है। यह कार हवा से कार्बन डाईऑक्साइड को सोख लेती है। दावा किया गया है कि सौर ऊर्जा से चलने के कारण इस कार से प्रदूषण नहीं होता है। इस कार को जेम नाम दिया गया है, क्योंकि ये जीरो इमिशन मोबिलिटी वाहन है। इस कार में क्लीनट्राम लीथियम आयन बैटरी का उपयोग किया गया है। इसके ज्यादातर पार्ट्स 3डी प्रिंटेड हैं। इस कार में 22 किलोवॉट की मोटर लगाई गई है और अधिकतम एफिशियंसी प्राप्त करने के लिये रिजनरेटिव ब्रेकिंग का उपयोग किया गया है। कार में दो फिल्टर लगाये गये हैं, जो 32 हजार किलोमीटर के सफर में दो किलोग्राम कार्बन डाईऑक्साइड सोख सकते हैं। कार का डिजाइन भी बीएमडब्ल्यू कूपे जैसा है। इस कार का अभी पेटेंट नहीं करवाया गया है। इसको बनाने वाली टीम यह उम्मीद कर रही है कि बड़ी कार बनाने वाली कंपनियां इस कार से प्रेरणा लेकर इस तरह की और भी कारें बनायेंगी, जो भविष्य में और बेहतर तरीके से काम करेंगी। इस कार को बनाने वाले इसे डायरेक्ट एयर कैटचर टेक्नोलॉजी कहते हैं। इस इलेक्ट्रिक कार के हुड और छत पर सोलर पैनल लगाये गये हैं, ताकि इससे सौर ऊर्जा का भरपूर उपयोग किया जा सके।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर

भुखमरी के विरुद्ध मिलकर लड़नी होगी जंग

भूख सबसे पहले दिमाग खाती है
उसके बाद आंखें
फिर जिस्म में बाकी बची चीजों को
छोड़ती कुछ भी नहीं है भूख
वह रिश्तों को खाती है
मां का हो बहन या बच्चों का
बच्चे तो उसे बेहद पसन्द हैं
जिन्हें वह सबसे पहले
और बड़ी तेजी से खाती है
बच्चों के बाद फिर बचता ही क्या है।

हिंदी साहित्य के मूर्धन्य कवि नरेश सक्सेना की यह पंक्तियां भुखमरी और गरीबी की वजह से होने वाली मौतों के यथार्थ को चित्रित करती हैं। सच ही है कि भूख न किसी रिश्ते को समझती है और न ही किसी धर्म को भूख सिर्फ भूख होती है। वैश्विक स्तर पर भूख के खिलाफ जंग को लेकर और सुरक्षित स्वच्छ आहार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का आधार सन् 1945 का वह वर्ष था, जब द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद संयुक्त राष्ट्र के गठन के बाद इस पर विचार किया गया कि कैसे संपूर्ण विश्व में मानव का संतुलित और सर्वांगीण विकास हो। विश्व में लोगों को संतुलित भोजन मिले और वे कुपोषण के दायरे से बाहर होकर स्वस्थ जीवन जीयें और अपना एवं समाज का विकास करें। लोगों को संतुलित भोजन मिल सके, इसके लिए आवश्यक है कि विश्व में खाद्यान्न का उत्पादन भी पर्याप्त मात्रा में हो और साथ ही भोजन व्यर्थ न फेंका जाए। लगातार विश्व की जनसंख्या में हो रही वृद्धि और खाद्य पदार्थों के सीमित भंडार को देखते हुए खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने की जरूरत निरंतर महसूस हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 16 अक्टूबर, 1945 को 'खाद्य एवं कृषि संगठन' (FAO) की स्थापना की। पूरे विश्व में आर्थिक तंगी के कारण भुखमरी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने एवं इसे खत्म करने के लिए वर्ष 1981 से 16 अक्टूबर को 'विश्व खाद्य दिवस' मनाना शुरू किया गया। इस वर्ष यह दिवस अपनी स्थापना का 42वां वसंत देख रहा है।

भुखमरी को लेकर देश-दुनिया की वर्तमान स्थिति

'विश्व खाद्य दिवस' का उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए विकासशील देशों के बीच आपसी तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग बढ़ाना और विकसित देशों से आधुनिक तकनीकी मदद उपलब्ध कराना है। संयुक्त राष्ट्र की समस्त संस्थाओं द्वारा विकासशील देशों में गरीबी एवं भुखमरी को खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक असमानता, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और सशस्त्र संघर्ष, कोविड-19 के प्रकोप के बाद सामान्य स्थिति बनाने में भूख और कुपोषण पर नियंत्रण करने में बड़ी बाधा बन रहे हैं। यूक्रेन में युद्ध ने वैश्विक खाद्य असुरक्षा की स्थिति को बढ़ा दिया है, जो पहले से ही महामारी के कारण गंभीर दबाव में थी। यूएन के मुताबिक दुनियाभर में साल 2021 में 2.3 अरब लोग गंभीर या उससे कम स्तर की खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे थे, एक साल पहले की तुलना में भूख की मार झेलने वाले लोगों की यह संख्या करीब साढ़े चार करोड़ और 2019 की तुलना में 15 करोड़ अधिक है।

इस वर्ष की थीम

विश्व खाद्य दिवस हर वर्ष एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम या विषयवस्तु Leave no one behind है। वर्ष 2022 में अभी तक न ही

वैश्विक महामारी पूरी तरह खत्म हुई है, बल्कि प्रतिदिन महंगाई तेजी से बढ़ रही है। देशों के बीच के आपसी विवाद और अंतर्राष्ट्रीय तनाव ये सभी वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करते हैं।

इसलिए यह समस्या हम सभी की है और सभी को आपस में एकजुट होकर इस संकट से लड़ना होगा। शासकीय संस्थाएं, निजी संस्थाएं, सिविल सोसायटी, शैक्षणिक संस्थाएं या फिर कोई व्यक्ति सभी को मिलकर पोषण, भोजन, वैश्विक शांति और समानता के अधिकार के लिए के लिए मिलकर काम करना होगा। इस दिन पर स्कूल, कॉलेजों और अन्य संगठनों में रचनात्मक कार्यक्रम, सेमिनार, भाषण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भूख और पोषण की कमी के प्रति जागरूकता का कार्य किया जाता है। #World Food Day 2022 के माध्यम से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब आदि पर कैंपेन चलाया जा रहा है। जिस पर विभिन्न तरह के वीडियो और आकर्षक कंटेंट से लोगों को खाने के प्रति जागरूक करने और जो भूखे हैं उनके लिए मिलकर सहयोग करने की अपील की जा रही है।

एग्रो-फूड यूनिट के माध्यम से संभव खाद्य संरक्षण

किसानों द्वारा उत्पादन के बाद फसलों के भंडारण और प्रोसेसिंग से लेकर बाजार तक आपूर्ति करने की व्यवस्था इनमें होती है। किसान जो फसल उत्पादन करते हैं, उनके पास भंडारण की व्यवस्था नहीं होती। फल-सब्जियों के कुछ ही समय में सड़ने की आशंका रहती है। ऐसे में मेगा फूड पार्क में एग्री प्रोडक्ट्स के भंडारण की व्यवस्था रहती है। इसके अलावा इन प्रोडक्ट्स की प्रोसेसिंग कर उनकी कीमत बढ़ाई जाती है यानी उन कच्चे माल को ज्यादा कीमत वाले प्रोडक्ट्स में बदला जाता है। एक उदाहरण से ऐसे समझिए कि इलाके में टमाटर की खूब उपज होती है, तो किसानों से खरीद कर उसका टोमैटो सॉस तैयार कर बाजार में उपलब्ध कराया जाए। इसी तरह जहां मूंग की पैदावार ज्यादा हो, वहां मूंग से कई तरह के प्रोडक्ट्स तैयार कर बाजार में बेचा जाए। इससे किसानों को भी प्रत्यक्ष तौर पर लाभ मिलता है। उन्हें उनके उत्पादन की अच्छी कीमत मिलती है। संयुक्त राष्ट्र के फूड एंड एग्रीकल्चरल ऑर्गनाइजेशन की जो इस वर्ष की थीम है उसमें भी खाद्य एवं कृषि को एक साथ लाकर स्थायी विकास की ओर ध्यान देने की बात कही गई है। किसानों को उनकी उपज की सही कीमत मिले और उनके प्रोडक्ट्स की प्रोसेसिंग कर बाजार उपलब्ध कराया जा सके यही एग्रो फूड यूनिट का उद्देश्य होता है। इनके माध्यम से एक बड़ी आबादी को अपने ही आसपास के क्षेत्रों में रोज़गार मिल जाता है। इन यूनिट को अधिक से अधिक संख्या में स्थानीय स्तर पर विकसित करने की आवश्यकता है।

सेब उत्पादक किसानों के लिए किया काम नेपाल की सृष्टि ने

सृष्टि अधिकारी ने एग्रीकल्चर एंड फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी चितवन से एग्रीकल्चर की पढ़ाई की है। मौसम परिवर्तन का सेब की खेती पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इस समस्या को पहचानते हुए सृष्टि ने सेब किसानों के साथ काम करना शुरू किया। किसानों को मौसम परिवर्तन के समय पेस्ट्रिसाइड और फर्टिलाइजर्स का सही तरीके से उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया, ताकि सेब की फसल खराब न हो और बेहतर पैदावार किसानों को मिल सके। सृष्टि का कहना है कि, सेब सिर्फ एक फल नहीं है, बल्कि नेपाल में रहने वाले लोगों को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने वाली प्रमुख फसल है।

इसी तरह अर्जेंटीना के एस्टबेन गैली भेड़ों का पालन करते हैं। वह कहते हैं कि मुझे पर्यावरण को बेहतर रखने और अच्छे ऊन के उत्पादन के कार्य से मिली आय सुकून देती है। इंटेलियन कैथोलिक स्काउट्स एंड गाइड इटली की एक ऐसी संस्था है, जिसने कोरोना काल में जरूरतमंद लोगों को खाने से लेकर दैनिक जरूरत के सामान पार्सल के माध्यम से घर-घर भेजे।

शासन के प्रयास खाद्य संकट से निपटने के लिए

समाज में किसी भी व्यक्ति की मौत यदि भोजन की कमी की वजह से होती है, तो यह उस समाज के लिए सबसे बड़ा कलंक है। भुखमरी से निपटने के लिए शासन से लेकर निजी स्तर पर कई संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। कोरोना काल के दौरान उपजे संकट की वजह से साल 2020 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत राशन गरीबी रेखा के अंदर आने वाले लोगों को प्रति व्यक्ति पांच किलो राशन दिया जाता है। कुपोषण जो संपूर्ण विश्व में महिलाओं एवं बच्चों में बीमारियों और मृत्यु का एक प्रमुख कारण रहा है। यह संज्ञानात्मक विकास और सीखने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जिससे उत्पादकता में कमी आती है। देश में कुपोषण की उच्च दर जैसी समस्याओं से निपटने के लिए समय-समय पर कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें से कुछ योजनाएं- 1975 में शुरू की गईं एकीकृत बाल विकास योजना, 1993 में शुरू की गई राष्ट्रीय पोषण नीति, 1995 में शुरू की गई मध्यान्ह भोजन योजना और 2013 में शुरू राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आदि हैं। इसके अलावा राज्य स्तर पर भी विविध योजनाएं भोजन संकट को हल करने के लिए संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा कई एनजीओ, सीएसआर और निजी तौर पर कुछ लोग मिलकर भी भुखमरी को खत्म करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

जनजागरूकता और खाद्य संकट

इटली का एक शहर ब्राइटन एंड होव दुनिया में शाकाहार की राजधानी के रूप में पहचाना जाता है। इस शहर की विशेषता यह भी है कि जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन के लिए कई तरह की योजनाएं लोग अपने स्तर पर चलाते हैं। शहर में भोजन सामग्री के लिए की जाने वाली कोशिशों की कड़ी में कई योजनाओं के तहत विकलांग युवकों को पौष्टिक खाना पकाना भी सिखाया जाता है और डिमेंशिया के शिकार अधेड़ उम्र के लोगों के लिए विशेष स्थानों पर खाद्य सामग्री उगाने की क्लासेज़ भी दी जाती हैं। इस कार्यक्रम के तहत ऐसी क्लासेज़ भी आयोजित की जाती हैं जिनमें शौकीन लोगों को जापान, इटली और उज़्बेकिस्तान जैसे देशों के पकवान बनाना सिखाए जाते हैं।

संकट कोई भी हो मिलकर हर संकट को खत्म किया जा सकता है। भूख या गरीबी भी ऐसा ही संकट है, जो हमारे समाज की कड़वी हकीकत है और इससे मिलकर लड़ सकते हैं।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 4/2022-23/1946 **भोपाल, दिनांक : 4.10.2022**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **www.mptenders.gov.in** (Department :- Directorate of Health Services) द्वारा निम्नानुसार निविदा प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर दो लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युतीकरण हेतु एस.ओ.आर. 01.08.2014 (दिनांक 01.12.2022 तक किये गये संशोधनों सहित) पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है -

ई-निविदा आमंत्रण सूचना 4

स. क्र.	टेण्डर आईडी	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि रुपये लाख में	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2022_DHS_224518	सिविल अस्पताल अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा में पोस्टमार्टम भवन के निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	16.18	4 माह वर्षाऋतु सहित
2.	2022_DHS_224520	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढीमरखेड़ा जिला कटनी में नवीन पोस्टमार्टम भवन के निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	16.18	4 माह वर्षाऋतु सहित
3.	2022_DHS_224521	ग्राम पिपरिया मेहरा विकासखण्ड लखनादोन जिला सिवनी के उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	26.99	6 माह वर्षाऋतु सहित
4.	2022_DHS_224522	3 स्थानों (ग्राम चौकी, सुराणी, कलाल्दा विकासखण्ड बाकानेर जिला धार) में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	80.97	9 माह वर्षाऋतु सहित
5.	2022_DHS_224523	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागचीनी ब्लॉक जौरा जिला मुरैना में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	7.67	3 माह वर्षाऋतु सहित
6.	2022_DHS_224524	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दबोह, वरहा, बिजोरा असवार एवं रावतपुरा जिला भिण्ड में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	9.16	3 माह वर्षाऋतु सहित
7.	2022_DHS_224525	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्यारसपुर जिला विदिशा के परिसर में निर्माणाधीन पोस्टमार्टम भवन का निर्माण कार्य। (रिस्क एण्ड कास्ट)	4.41	3 माह वर्षाऋतु सहित
		योग	**161.56**	

उपरोक्त निविदा वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.10.2022** सायं 05.30 बजे निर्धारित है। धरोहर राशि संचालक स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश के पक्ष में देय हो मूलतः एवं अन्य अभिलेख कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में दिनांक 28.10.22 सायं 05.30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यपालन यंत्री, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी।

विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर अपलोड किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

जी-17954/47644/2022 **पंचम तल, 'घ' विंग सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. ग्वालियर (म.प्र.)

दूरभाष - 0751-4008851, Email : apdpiugwalior@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक : 13/2022/सा./एपीडी/ग्वालियर, दिनांक 04.10.2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ऑनलाइन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	पी.आई.यू. का जिला	ठेके की अनु. लागत लाख में	अमानत राशि रु.	निविदा फार्म का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने के लिये समय
1.	2022_PWPIU_225722_1	ग्वालियर में 1000 बिस्तरीय अस्पताल हेतु गोदरेज कंपनी के फर्नीचर की आपूर्ति और स्थापना कार्य। प्रथम आमंत्रण	ग्वालियर	254.21 लाख	254210/-	15000/-	03 माह
2.	2022_PWPIU_222321_1	मुरार, जिला ग्वालियर में तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, उप कोषागार, उप पंजीयक के लिये संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण। प्रथम आमंत्रण	ग्वालियर	497.69 लाख	497690/-	15000/-	15 माह
3.	2022_PWPIU_225721_1	गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में एमबीबीएस सीट वृद्धि हेतु नवनिर्मित भवन के लिये गोदरेज कंपनी के फर्नीचर की आपूर्ति और स्थापना कार्य। प्रथम आमंत्रण	ग्वालियर	431.10 लाख	431100/-	15000/-	03 माह
4.	2022_PWPIU_222323_1	भितरवार, जिला ग्वालियर में एस.डी.एम. कार्यालय भवन का निर्माण। द्वितीय आमंत्रण	ग्वालियर	89.20 लाख	89200/-	10000/-	12 माह
5.	2022_PWPIU_222334_1	सेंट्रल जेल ग्वालियर में कोरोना वार्ड व लॉन्ड्री कार्य हेतु भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	ग्वालियर	43.38 लाख	50000/-	5000/-	8 माह
6.	2022_PWPIU_222331_1	भितरवार, जिला ग्वालियर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	ग्वालियर	45.43 लाख	50000/-	5000/-	8 माह
7.	2022_PWPIU_225584_1	पीआईयू शिवपुरी के अंतर्गत शासकीय कार्य हेतु वाहन किराये पर उपलब्ध कराये जाने बाबत। प्रथम आमंत्रण	शिवपुरी	07.50 लाख	15000/-	2000/-	12 माह
8.	2022_PWPIU_225633_2	पीआईयू छतरपुर के अंतर्गत शासकीय कार्य हेतु वाहन किराये पर उपलब्ध कराये जाने बाबत। प्रथम आमंत्रण	छतरपुर	10.00 लाख	20000/-	2000/-	12 माह
9.	2022_PWPIU_225655_1	ग्राम रीझा, वर्धा, बजारा, बावडीचापा-ए, तहसील कराहल जिला श्योपुर में आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण कार्य। द्वितीय आमंत्रण	श्योपुर	74.67 लाख	74670/-	10000/-	12 माह
10.	2022_PWPIU_226112_1	पलैरा जिला छतरपुर में 06 ट्रेड टीकमगढ़ आई.टी.आई. भवन एवं 60 सीटर बालक एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास, 01 नग एफ टाइप, 02 नग एच टाइप आवास, 04 नग आई टाइप एवं साइट डेवलपमेंट सहित कार्य। प्रथम आमंत्रण		1169.47 लाख	1000000/-	30000/-	24 माह

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट **website https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
(2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार-पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
(3) ऑनलाइन निविदा सम्मिट करने की **अंतिम दिनांक 21.10.2022**
(4) तकनीकी बिड खोलने का दिनांक 25.10.2022

अतिरिक्त परियोजना संचालक

जी-18056/47649/2022 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. ग्वालियर**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया इन्दौर (म.प्र.)

ई-मेल apdpiuindore@gmail.com

क्र.एफ-3/2022/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-24/5097 **इन्दौर, दिनांक : 7.10.2022**

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 24/2022

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीयन ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., म.प्र. द्वारा दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील एसओआर एवं निविदा सूचना प्रकाशन, तिथि संशोधित, निर्धारित तिथि (key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2022_PWPIU_225641_1	उपस्वास्थ्य केन्द्र राजापुरामाताजी जिला रतलाम का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रतलाम	169.00	1,69,010	12,500	12
2.	2022_PWPIU_225908_1	पिपलौदा जिला रतलाम में 06 ट्रेड आईटीआई मुख्य भवन में 60 सीटर बालक एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास, 01 नग एफ टाइप, 02 एच टाइप एवं 04 आई टाइप आवासगृहों का निर्माण कार्य।	रतलाम	1262.50	10,00,000	30,000	16
3.	2022_PWPIU_225905_1	जावरा जिला रतलाम में 06 ट्रेड आईटीआई मुख्य भवन में 60 सीटर बालक एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास, 01 नग एफ टाइप, 02 एच टाइप एवं 04 आई टाइप आवासगृहों का निर्माण कार्य।	रतलाम	1262.50	10,00,000	30,000	16
4.	2022_PWPIU_225331_1	कन्या शिक्षा परिसर सेंधवा जिला बड़वानी भवन का शेष निर्माण कार्य।	बड़वानी	40.64	50,000	5,000	2

निविदा संबंधित तिथियां (key-Date) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 01.10.2022
2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 03.10.2022
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **18.10.2022**
4. बिड खोलने की तिथि - 19.10.2022

अतिरिक्त परियोजना संचालक

जी-17963/47645/2022 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर**

कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश
(मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड)

क्र/कौविसं/स्टेट सेल/2022/1407 **भोपाल, दिनांक : 10.10.2022**

विज्ञप्ति
आईटीआई में प्रवेश - पहले आओ पहले पाओ राउण्ड

1. आवेदक दिनांक 07.10.2022 को एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर संस्थावार, व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।
2. शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है।
3. दिनांक 30.10.2022 तक शासकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है -

शासकीय आईटीआई -

- आवेदक **दिनांक 07.10.2022 से 29.10.2022 तक** नवीन रजिस्ट्रेशन एवं पूर्व में किये गये रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे।
- आवेदक **दिनांक 07.10.2022 से 30.10.2022 तक** पहले आओ पहले पाओ राउण्ड के तहत किसी भी शासकीय संस्था में स्वयं उपस्थित होकर इच्छित व्यवसाय की च्वाईस फिलिंग अनुरूप रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

निजी आईटीआई -

- आवेदक **दिनांक 07.10.2022 से 29.10.2022 तक** नवीन रजिस्ट्रेशन एवं पूर्व में किये गये रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे।
- आवेदकों को निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना एवं दस्तावेजों का सत्यापन करना अनिवार्य है जिसके लिए पोर्टल **दिनांक 07.10.2022 से 29.10.2022 तक** ओपन रहेगा। दिनांक 30.10.2022 तक संबंधित संस्था आवेदकों का प्रवेश कर सकेगी।

जी-18022/47648/2022 **संचालक, कौशल विकास (म.प्र.)**

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1366

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन - 0755-2553402, फैक्स - 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक - 516/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 06.10.2022**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 26.10.2022 को 17.30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1.	2022_WRD_215884	रेहटी मध्यम परियोजना के बांध की सुरक्षा हेतु बंदूकधारी प्रायवेट गार्ड का प्रदाय।	विदिशा	7.72
2.	2022_WRD_215886	बर्घरू मध्यम परियोजना के बांध की सुरक्षा हेतु बंदूकधारी प्रायवेट गार्ड का प्रदाय।	विदिशा	7.72
3.	2022_WRD_221444	बाणसागर देवलोंद के कॉलोनी नम्बर 1, 2 एवं 3 में विभिन्न स्थानों के सबमर्सिबल मोटर पम्प का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	शहडोल	0.72
4.	2022_WRD_222895	सगड़ मध्यम परियोजना की आर.एम. 4 मायनर की आर.डी. 2040 पर निर्मित क्षतिग्रस्त एक्वाडक्ट का मरम्मत एवं आवश्यक निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	विदिशा	8.97
5.	2022_WRD_222897	साकलोन लघु सिंचाई परियोजना के बांध का मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	विदिशा	4.17
6.	2022_WRD_223488	पीपर खिरिया स्टॉप डेम का सर्वेक्षण कार्य।	दमोह	0.50
7.	2022_WRD_223489	मझगुवां हंसराज जलाशय का मरम्मत कार्य।	दमोह	5.44
8.	2022_WRD_223799	डकाच्या तालाब का विशेष मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	इन्दौर	15.54
9.	2022_WRD_223800	चोरल फीडर नहर की आर.डी. 0 से 2700 मी. पर वार्षिक मरम्मत कार्य।	इन्दौर	4.94
10.	2022_WRD_223802	चोरल मुख्य नहर की आर.डी. 25500 से 25990, 33560 से 33970 एवं 38800 से 40500 मी. पर वार्षिक मरम्मत कार्य।	इन्दौर	4.85
11.	2022_WRD_223804	चोरल फीडर नहर की आर.डी. 2700 से 5000 एवं 5800 से 6255 मी. पर वार्षिक मरम्मत कार्य।	इन्दौर	4.89
12.	2022_WRD_223805	बरमोन तालाब का वार्षिक मरम्मत कार्य।	इन्दौर	0.48
13.	2022_WRD_223846	बारधा उद्वहन सिंचाई योजना के 75 एच.पी. ए.टी.एस., स्टार्टर, मेन स्वीच गैर पैनल एवं 35 एच.पी. सबमर्सिबल मोटर पंप, स्टार्टर एवं एलाईड का सुधार कार्य।	नर्मदापुरम्	5.36
14.	2022_WRD_224011	पटपरी तालाब योजना के बांध एवं नहर निर्माण कार्य का सर्वे।	पन्ना	2.65
15.	2022WRD_224482	टिकारी जलाशय योजना के एल.बी.सी. एवं आर.बी.सी. नहरों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	सागर	9.46
16.	2022_WRD_224616	गांधीसागर पुनर्वास उपखण्ड क्र.2 गरोठ कार्यालय एवं कॉलोनियों का रोड निर्माण कार्य।	मंदसौर	1.96
17.	2022_WRD_224617	गोपालपुरा तालाब के स्पील चैनल की गहराई एवं चौड़ा करने का कार्य।	मंदसौर	19.41
18.	2022_WRD_224959	जल संसाधन भवन, भोपाल में लिफ्ट क्रमांक ए एवं बी के ऑपरेशन एवं मेन्टेनेन्स का कार्य।	भोपाल	8.31
19.	2022_WRD_225351	अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त वलनी जलाशय की नहर आर.डी. 2540 मीटर एवं छिन्दवाड़ा जलाशय की नहर आर.डी. 155 मी. पर मरम्मत कार्य।	बैतूल	2.96
20.	2022_WRD_225352	बाकुड़ जलाशय की मुख्य नहर आर.डी. 10350 मी., आर.डी. 8110 मी., आर.डी. 8600 मी. एवं आर.डी. 9810 मी. पर अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त स्ट्रक्चरों का मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	बैतूल	4.88
21.	2022_WRD_225395	सांपना मध्यम परियोजना की डी-1 एवं डी-2 नहर का साधारण मरम्मत कार्य।	बैतूल	7.81
22.	2022_WRD_225399	लक्कडजाम जलाशय का स्लूस का साधारण मरम्मत कार्य।	बैतूल	2.09
23.	2022_WRD_225401	नागझिरी जलाशय की नहर आर.डी. 0 मी. से 3450 मी. एवं आर.डी. 3480 मी. से 6200 मी. का साधारण मरम्मत कार्य।	बैतूल	0.92
24.	2022_WRD_225402	गोधना जलाशय की बांयी तट एवं दांयी तट नहर का साधारण मरम्मत कार्य।	बैतूल	4.99
25.	2022_WRD_225406	रामघाटी मध्यम परियोजना के बांध एवं नहर का सर्वेक्षण कार्य।	बैतूल	8.02
26.	2022_WRD_225408	भोगईखापा एवं गुरगण्डा बैराज का सर्वेक्षण कार्य।	बैतूल	1.00
27.	2022_WRD_225515	अरोलिया बैराज के स्टाप डेम के 06 नग जलद्वार क्र. 42 नग लीफ असेम्बली का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	9.81
28.	2022_WRD_225516	फंदासलेहपुर बैराज के विभिन्न स्टाप डेम के जलद्वार के लीफ असेम्बली का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	2.76
29.	2022_WRD_225517	घरोई बैराज के स्टाप डेम 10 नग जलद्वार का प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य।	भोपाल	8.29
		कुल योग		**166.62**

जी-17981/47646/2022 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

उद्योग संचालनालय, मध्यप्रदेश

(सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग)

क्रमांक 45/अधोविक/बी-2/2021/6070 **भोपाल, दिनांक : 10.10.2022**

औद्योगिक भूखण्डों के ई-नीलामी से आवंटन हेतु आवेदनों का आमंत्रण

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, म.प्र. शासन द्वारा छतरपुर, राजगढ़, उज्जैन, सीहोर, विदिशा, मुरैना, नीचम, अलीराजपुर, मंदसौर, शिवपुरी एवं सतना जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटन हेतु उपलब्ध औद्योगिक भूखण्डों को ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाना है जिसकी प्रक्रिया दिनांक 21.10.2022 से **https://mptenders.gov.in/** पोर्टल पर प्रारंभ होगी।

भूखण्ड हेतु ई-नीलामी की प्रमुख शर्तें इस प्रकार हैं :-

1. भूखण्डों का आवंटन "मध्यप्रदेश एमएसएमई औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2021" के तहत किया जायेगा।
2. प्रत्येक भूखण्ड हेतु आवेदन शुल्क रुपये 5000/- होगा एवं जीएसटी राशि पृथक से देय होगी। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं है। [नियम 11(i)]
3. आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करानी होगी जो आवंटन के समय समायोजन योग्य होगी। [नियम 11 (1) (iv)]
4. नीलामी के लिये बेस प्राइस भूखण्ड की प्रव्याजी तथा विकास शुल्क का योग होगा। [नियम 12 (i) (अ) (i) (1)]
5. ई-नीलामी में भाग लेने हेतु Class 3 Digital Signature होना आवश्यक है। नियम, प्रक्रिया एवं भूखण्डों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट **mpmsme.gov.in** से भी प्राप्त की जा सकती है।

उद्योग संचालनलाय मध्यप्रदेश

औद्योगिक भूखण्डों के ई-नीलामी से संबंधित समय सारिणी

क्र.	विवरण	दिनांक	समय
1.	ई-निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय।	21.10.2022	11.00 बजे
2.	ई-निविदा खरीदने की प्रारंभ तिथि एवं समय।	21.10.2022	11.00 बजे
3.	प्रक्रिया के संबंध में वीडियो कांफ्रेंस से प्रशिक्षण	27.10.2022	12.00 बजे
4.	ई-निविदा खरीदने की अंतिम तिथि एवं समय।	**09.11.2022**	11.00 बजे
5.	ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय।	**09.11.2022**	17.00 बजे
6.	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय।	11.11.2022	12.00 बजे
7.	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय	पृथक से सूचित किया जायेगा।	
8.	ई-नीलामी प्रारंभ करने की तिथि एवं समय।	21.11.2022	11.00 बजे
9	ई-नीलामी की अंतिम तिथि एवं समय।	22.11.2022	11.00 बजे
10.	ई लेप्स टाईम	10 मिनिट	
11.	आटो एक्सटेंशन टाइम	15 मिनिट	
12.	नीलामी हेतु न्यूनतम वर्धित राशि (Minimum incremental value for auction)	रुपये 1000/-	
13.	ई-नीलामी की अधिकतम सीमा (Maximum seal percentage)	बेस प्राइस का 50 प्रतिशत	

जी-18076/47651/2022 **सहायक संचालक, उद्योग**

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

इंदिरा गांधी विधान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462004

क्रमांक 16525/म.प्र.वि.स./स्था./2022 **भोपाल, दिनांक : 10.10.2022**

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय में सहायक ग्रेड-3, स्टेनोटायपिस्ट एवं सुरक्षा गार्ड के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय में सहायक ग्रेड-3, स्टेनोटायपिस्ट एवं सुरक्षा गार्ड के रिक्त पद पर भर्ती हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में दिनांक 10 नवम्बर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित है :-

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	पद का नाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या					कुल रिक्तियों में से निःशक्तजनों के लिए आरक्षित पद	योग	वेतनमान (वेतन मेट्रिक्स/लेवल)
		अना.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग			
1.	सहायक ग्रेड-3	09	04	09	13	05	-	40	19500-62000 लेवल-4
2.	स्टेनोटायपिस्ट	-	02	-	-	-	-	02	19500-62000 लेवल-4
3.	सुरक्षा गार्ड	03	02	03	04	01	-	13	19500-62000 लेवल-4

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता की शर्तें, ऑनलाइन आवेदन की तिथि, विज्ञापित पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक/तकनीकी/शारीरिक अर्हताएं, प्रक्रिया आदि अन्य विवरण मध्यप्रदेश विधान सभा की वेबसाइट **https://mpvidhansabha.nic.in** पर उपलब्ध है।

आर-47647/2022 **प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1, ग्वालियर

फोन नं. 0751-2371231, ई-मेल : eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 41/टी.सी./डी-1 ग्वा./2022-23 **दिनांक : 11.10.2022**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 41 ग्वालियर दिनांक 10.10.2022 द्वारा प्रचलित भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 15.09.2022/25.03.2022 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती है जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें, पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम : 1. डवरा स्थित सब जेल डवरा में डबल स्टोरी बैरिंग का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)

टेण्डर आई.डी.	(1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
2022_PWDRB_226896_1	1. 1.05 लाख 2. 2100/-	1000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
2. डवरा उपसंभाग के मुख्यालय सेक्शन के अंतर्गत कोर्ट बिल्डिंग में रेनोवेशन एवं मरम्मत कार्य द्वितीय आमंत्रण।				
2022_PWDRB_226897_1	1. 5.50 लाख 2. 11000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
3. मेडीकल सेक्शन क्र. 1 के अंतर्गत जे.ए.एच. कैम्पस स्थित बंगला नं. 16-सी में विशेष मरम्मत कार्य द्वितीय आमंत्रण।				
2022_PWDRB_226899_1	1. 2.91 लाख 2. 5820/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
4. मुख्यालय उपसंभाग क्र. 2 ग्वालियर के एम ब्लॉक सेक्शन के अंतर्गत जी एवं एच टाईप आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य द्वितीय आमंत्रण।				
2022_PWDRB_226903_1	1. 18.90 लाख 2. 37800/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
5. मुख्यालय उपसंभाग क्र. 2 ग्वालियर के एम. ब्लॉक सेक्शन के अंतर्गत ई एवं एफ टाइप आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226904_1	1. 18.77 लाख 2. 37540/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
6. निर्माण उपसंभाग ग्वालियर के अंतर्गत आई-9 से आई-16 एवं जी-15 आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226905_1	1. 5.00 लाख 2. 10000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
7. जिला कोषालय नवीन कलेक्ट्रेट भवन ग्वालियर में टीनशेड निर्माण कार्य।				
2022_PWDRB_226906_1	1. 2.62 लाख 2. 5240/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
8. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2 ग्वालियर के एच.एफ.डब्ल्यू.टी.सी. सेक्शन के अंतर्गत वाटर प्रूफिंग, प्लास्टरिंग मरम्मत एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226907_1	1. 20.00 लाख 2. 40000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
9. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2 ग्वालियर के एच.एफ.डब्ल्यू.टी.सी. सेक्शन के अंतर्गत नवीन कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषालय में एल्यूमिनियम पार्टीशन पार्किंग शेड, पेवर ब्लॉक डिपोजिट कार्य।				
2022_PWDRB_226908_1	1. 8.67 लाख 2. 17340/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
10. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2 ग्वालियर के एच.एफ.डब्ल्यू.टी.सी. सेक्शन के अंतर्गत नवीन कलेक्ट्रेट स्थित जिला कोषालय के आयुक्त कार्यालय में कपबोर्ड, फॉल्स सीलिंग, एल्यूमिनियम कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226909_1	1. 13.80 लाख 2. 27600/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
11. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2 ग्वालियर के एच.एफ.डब्ल्यू.टी.सी. सेक्शन के अंतर्गत जजेस कॉलोनी के आवासीय भवनों में टेक्स्चरिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य।				
2022_PWDRB_226910_1	1. 19.90 लाख 2. 39800/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
12. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-1 ग्वालियर के मेडीकल सेक्शन क्र.-2 के अंतर्गत डिपोजिट मद में जे.ए.एच. कैम्पस ग्वालियर में आश्रय भवन का रेनोवेशन एवं आवश्यक मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226911_1	1. 7.18 लाख 2. 14360/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
13. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2 ग्वालियर के पार्क होटल सेक्शन के अंतर्गत आवासीय भवनों में व्हाईट वॉश, कलर वॉश एवं विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226912_1	1. 19.00 लाख 2. 38000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार
14. मुख्यालय उपसंभाग क्र.-2 ग्वालियर के ओल्ड हाईकोर्ट सेक्शन के अंतर्गत आवासीय भवनों में वाटर सप्लाई, सेनेट्री फिटिंग, कलर वॉश, व्हाईट वॉश, विशेष मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।				
2022_PWDRB_226913_1	1. 19.50 लाख 2. 39000/-	2000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

कुल कार्य संख्या : 13 (तैरह)

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि : 12.10.2022 प्रातः 10:30

ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि : 19.10.2022 सायं 17:30**

ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि : 21.10.2022 प्रातः 10:30

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1
ग्वालियर (म.प्र.)

जी-18114/47664/2022

कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सागर, परिक्षेत्र सागर

फोन नं. 07582-220840, ई-मेल आई.डी. - cepwdsagar@mp.nic.in

एनआईटी नं. - 17/2022-23/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 06.10.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2022_PWDRB_226010_1	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खुरई के अंतर्गत निम्नलिखित मार्गों का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित। 1. सिलोधा चांदपुर, मूडरी मार्ग लं. 6.20 कि.मी. अनुमानित लागत रु. 483.13 लाख 2. झारई टपरा चांदपुर मार्ग लं. 2.00 कि.मी. अनुमानित लागत रु. 120.06 लाख।	सागर	622.92	622920/-	20000/-	10 माह
2.	2022_PWDRB_226011_1	मकरदगंज-हरद्वाही-गुनौर मार्ग में मजबूतीकरण कार्य लं. 15.00 कि.मी.।	पन्ना	893.54	893540	20000/-	10 माह
			योग	**1511.48**			

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in**/पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 08.10.2022 समय 10.30 बजे से **दिनांक 22.10.2022 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता
जी-18062/47650/2022 **लो.नि.वि. सागर, परिक्षेत्र सागर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, इन्दौर

eepwd1ind@mp.nic.in, Phone No. : 0731-2490978

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 49/व.ले.लि./2022-23 **इन्दौर, दिनांक : 07.10.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (**Online**) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सरल क्रमांक एवं कार्य का नाम : 1. दामपुरा से राऊ सर्कल मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.00 कि.मी. मय विद्युत कार्य सहित

ऑनलाइन टेण्डर नं.	ठेके के अनु. राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
2022_PWDRB_226439_1	450.63	450630/-	15000/-	365 दिन वर्षाकाल सहित
2. अम्बाचंदन भोले विहार कॉलोनी से दतौदा खेड़ापती मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.60 कि.मी.।				
2022_PWDRB_226441_1	338.79	338790/-	15000/-	300 दिन वर्षाकाल सहित
3. शहदादेव से उण्डेल मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.00 कि.मी.।				
2022_PWDRB_226442_1	316.42	316420/-	15000/-	300 दिन वर्षाकाल सहित
4. पांदा से पिगडम्बर व्हाया शौर्य स्थल मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 3.50 कि.मी. मय विद्युत कार्य सहित।				
2022_PWDRB_226443_1	279.56	279560/-	15000/-	240 दिन वर्षाकाल सहित
5. यशवंतनगर से अम्वाड़ा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.50 कि.मी.।				
2022_PWDRB_226444_1	259.15	259150/-	15000/-	240 दिन वर्षाकाल सहित
6. कम्पेल से पिपडाय (कम्पेल बायपास) मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.70 कि.मी.।				
2022_PWDRB_226445_1	225.95	225950/-	15000/-	240 दिन वर्षाकाल सहित
7. कांकरिया आश्रम से उण्डवा बड़गांव मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.60 कि.मी.।				
2022_PWDRB_226446_1	205.60	205600/-	15000/-	180 दिन वर्षाकाल सहित
8. ओल्ड ए.बी. रोड़ हरनियाखेड़ी से बजरंगपुरा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1500 मीटर मय विद्युत कार्य सहित (द्वितीय आमंत्रण)।				
2022_PWDRB_226447_1	157.29	157290/-	12500/-	180 दिन वर्षाकाल सहित
कुल योग	**2233.39**			

1. उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। I. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, II. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, III. चेक लिस्ट, IV. एफिडेविट। विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की तिथि **दिनांक 10.10.2022 10:30 से दिनांक 28.10.2022 17:30** बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-18100/47663/2022 **लो.नि.वि. संभाग क्र. 1, इन्दौर**

किशोर कुमार जैसे व्यक्तित्व बनाते हैं कला और संस्कृति को समृद्ध

भोपाल, पार्श्व गायक और अभिनेता स्व. किशोर कुमार जैसे व्यक्तित्व राष्ट्र की कला और संस्कृति को समृद्ध बनाने का कार्य करते हैं। उनकी स्मृति को सदैव बनाए रखेंगे। स्व. किशोर कुमार के गीत कर्णप्रिय हैं, जिन्हें हर कोई हमेशा गुनगुनाना चाहता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खण्डवा में हो रहे राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह और संगीत संध्या को भोपाल से वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने कहा कि यह समारोह किशोर कुमार की जन्मस्थली खण्डवा में ही किया जाना उचित है। खण्डवा ही नहीं मध्यप्रदेश और भारत की भूमि ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों से धन्य है। काश, किशोर कुमार जैसे गायक लौट कर फिर आएं।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2019 के लिए किशोर कुमार सम्मान से सम्मानित श्री अशोक मिश्रा, मुम्बई, वर्ष 2020 के लिए किशोर कुमार सम्मान से सम्मानित श्री अमिताभ भट्टाचार्य, मुम्बई और वर्ष 2021 के लिए किशोर कुमार सम्मान से सम्मानित श्री विवेक रंजन अग्निहोत्री, मुम्बई को बधाई दी। श्री मिश्रा पटकथा लेखन, श्री भट्टाचार्य गीत लेखन और श्री अग्निहोत्री निर्देशन के लिए सम्मानित किए गए। संस्कृति विभाग द्वारा निर्णायक समिति के माध्यम से सम्मान के लिए चयन की कार्यवाही की गई। श्री चौहान ने कहा कि किशोर कुमार की जन्म भूमि खण्डवा से बहुत लगाव था। वे कहते भी थे- दूध जलेबी खाएंगे, खण्डवा में बस जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने किया किशोर कुमार के गीतों का उल्लेख

मुख्यमंत्री ने किशोर कुमार के कुछ गीतों का उल्लेख किया, जिनमें 'जिंदगी एक सफर है सुहाना'..., घुंघरू की तरह बजता ही रहा हूं मैं'.., रुक जाना नहीं तू कहीं हार के'.., मेरे सामने वाली खिड़की में ....' शामिल हैं। सम्मान कार्यक्रम में संगीत संध्या में आमंत्रित कलाकारों ने अनेक गीत प्रस्तुत किए। संचालक संस्कृति श्री अदिती कुमार त्रिपाठी और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

हर घर जल उपलब्ध कराना इतिहास रचने के समान - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एक कार्यशाला में जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित करते हुये।

भोपाल, भाग्यशाली लोगों को ही इतिहास रचने का अवसर मिलता है। प्यासे की प्यास बुझाना सबसे अधिक पवित्र और पुण्य का कार्य माना गया है। जल जीवन मिशन से जुड़े लोगों को प्रदेश के गांवों में हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने का मौका मिला है। यह इतिहास रचने का अवसर है। अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को अपनी नौकरी पूरी करने तक सीमित न रखें। अपितु लोगों का जीवन बदलने के इस कार्य से भावनात्मक रूप से जुड़ते हुए पूरी प्रतिबद्धता, कर्तव्यपरायणता और समर्पण के साथ सकारात्मक भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। वर्तमान से लेकर वर्ष 2024 तक का आपका योगदान प्रदेश के असंख्य परिवारों का जीवन बदल देगा, आप डट कर काम करें। जल से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। हम प्रोत्साहन और पुरस्कृत करने में पीछे नहीं रहेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रदेश में ग्रामीण परिवारों को हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के लिए जारी जल जीवन मिशन और जलसंरचनाओं के निर्माण में लगे अधिकारी और कर्मचारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के सोशल ऑडिट के लिए तैयार किए गए जल दर्पण मोबाइल एप का सिंगल क्लिक से विमोचन किया। इस एप पर मिशन में किए गए कार्यों की जानकारी और जियो टैग फोटोग्राफ उपलब्ध रहेंगे। घर-घर जाकर सर्वेक्षण के माध्यम से जानकारी एप पर संकलित की जाएगी। श्री चौहान ने नल-जल योजनाओं के संचालन और संधारण की मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने विभाग के उत्कृष्ट अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। कार्यशाला से पहले श्री चौहान ने जल जीवन मिशन की गतिविधियों पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के अधिकारी-कर्मचारी तथा ठेकेदारों ने वर्चुअली सहभागिता की।

मुख्यमंत्री को कलेक्टर बुरहानपुर श्री प्रवीण सिंह ने जिले को देश में प्रथम 'हर घर-जल प्रामाणित जिला' होने का गौरव प्राप्त होने पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र का अवलोकन कराया। मुख्यमंत्री ने नल-जल योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृतियों सहित प्रदेश में मिशन को गति प्रदान करते हुए शासन स्तर पर उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए उप सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री राजेश शाक्यवार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

श्री चौहान ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनावमुक्त होकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सबकी मानवीय गरिमा एक समान होती है। हम सब मिल कर एक महत्वपूर्ण योजना को पूर्ण करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मानव जीवन के लिए हवा और ऑक्सीजन के बाद पानी ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पहले पानी की व्यवस्था करने में लोगों का आधा जीवन चला जाता था। हम सब, घर-घर सुगम पानी की व्यवस्था करने के महत्वपूर्ण कार्य में लगे हैं। प्रदेश में वर्ष 2012 में जल निगम बना। सिंचाई और उद्योगों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था के साथ ही समग्र जल योजनाओं के क्रियान्वयन का विचार आरंभ हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा के साथ ही हर घर में नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में क्रांति आ गई। मिशन में 50 प्रतिशत योगदान भारत सरकार का और 50 प्रतिशत राज्य सरकार का है। प्रधानमंत्री ने हर घर जल पहुंचाने के लिए वर्ष 2024 की समय-सीमा रखी है। मिशन में 52 हजार करोड़ की व्यवस्था, कार्य कराने के लिए दक्ष मानव संसाधन की व्यवस्था और ठेकेदारों को लाइन अप करना एक चुनौती था। कई समस्याओं के होते हुए भी कार्य को पूर्ण मिशन भावना से लिया गया। सबके सहयोग से इस दिशा में प्रदेश में उल्लेखनीय प्रगति हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम 13 लाख से बढ़ कर अब 53 लाख 38 हजार 848 घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध करा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि घर में नल से जल पहुंचाना, जल सुविधा प्रदान करने के साथ बीमारी से बचाने का माध्यम भी बनता है।

नशामुक्ति के लिये व्यापक तौर पर चल रहा है जागरूकता कार्यक्रम

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिये नशा माफियाओं के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नशामुक्ति के लिये आमजन को जागरूक करने भी व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। अभियान प्रारंभ होने से अब तक 3,438 कार्यक्रम हुए हैं। शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए 64 हजार 398 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है।

नशामुक्ति के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने गुरुवार को प्रदेश में 806 कार्यक्रम किये गये। विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं आदि के साथ मिल कर लोगों को जागरूक करने कार्य किया। सर्वाधिक जन-जागरूकता के 154 कार्यक्रम इंदौर जोन में हुए। इंदौर कमिश्नरेट में 22, भोपाल जोन में 58, भोपाल कमिश्नरेट में 13, ग्वालियर जोन में 7, नर्मदापुरम् जोन में 56, बालाघाट जोन में 55, चम्बल जोन में 15, जबलपुर जोन में 66, रीवा जोन में 95, शहडोल जोन में 94, सागर जोन में 35 और उज्जैन जोन में 136 नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम किये गये।

इस क्रम में एनडीपीएस एक्ट में 103 प्रकरण में 110 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 424.061 ग्राम मादक पदार्थों की जप्ती की गई। अब तक 862.597 ग्राम मादक पदार्थ जप्त किये जा चुके हैं। एक हजार 477 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 1246 प्रकरण बना कर 8226 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। अब तक 8571 प्रकरण में 8844 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कर 64 हजार 398 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है।

प्रदेश में सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वाले 498 लोगों के विरुद्ध 471 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। अब तक 2071 प्रकरण में 2191 लोगों के विरुद्ध कार्यवाही हुई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एक दिन में 200 प्रकरण में 200 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

प्राकृतिक रंगों और हाथ की कारीगरी की अद्भुत कला है बाघ प्रिंट - मुख्यमंत्री

धार, बाघ प्रिंट की अद्भुत कला प्रकृति के बहुत नजदीक है। माण्डू प्रवास के दौरान मुझे स्व-सहायता समूह की बहनों की बाघ प्रिंट से जुड़ी गतिविधियों को निकट से देखने-समझने का सौभाग्य मिला है। साथ ही मुझे प्राकृतिक रंगों और हाथ की कारीगरी के जादू से मनमोहक कलाकृति को उकेरती यह कला, प्रयोग कर सीखने को मिली है। स्व-सहायता समूह की बहनों और बाघ प्रिंट से जुड़े सभी कलाकारों को मेरी शुभकामनाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने धार जिले के माण्डू में बाघ प्रिंट के कलाकारों की कलाकृति और महिला स्व-सहायता समहों के उत्पाद का अवलोकन कर कलाकारों से चर्चा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री एक जिला-एक उत्पाद, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में हुए कार्यों से भी अवगत हुए। उन्होंने माण्डव के ऐतिहासिक महल, स्मारक और पर्यटन-स्थल देखे। मुख्यमंत्री, माण्डू के दो दिवसीय प्रवास पर थे।

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक उत्पादों से निर्मित रंगों से की जा रही बाघ प्रिंटिंग को देखा। मुख्यमंत्री ने बाघ प्रिंट के कार्य को समझा और उसे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान धार जिले के माण्डू में बाघ प्रिंट के कलाकारों की कलाकृतियों एवं महिला स्व-सहायता समूह के उत्पादों का अवलोकन करते हुये।

कपड़े पर उकेरा। श्री चौहान ने स्व-सहायता समूह की सदस्यों, स्थानीय शिल्पियों के द्वारा किये जा रहे कार्यों, उनके द्वारा निर्मित उत्पाद के संबंध में उनसे संवाद किया और बेहतर प्रगति के लिये तारीफ भी की। जिला पंचायत द्वारा स्व-सहायता समूह के सदस्यों को बाघ प्रिंट के कार्य के लिये प्रशिक्षित किया गया है। बाघ प्रिंट की मांग बढ़ने से कलाकारों की आय बढ़ी है। उत्सव, प्रदर्शनी और एक्सपो आदि से भी बाघ प्रिंट शिल्पियों को प्रोत्साहन मिल रहा है।

माण्डू के प्राचीन ऐतिहासिक महलों का अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माण्डू में प्राचीन ऐतिहासिक जहाज महल परिसर और हिंडोला महल को देखा। उन्होंने चतुर्भुज राम मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर के अन्य मंदिर में भी दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने रेवा कुण्ड में पूजा-अर्चना की। ऐतिहासिक स्थलों पर मौजूद गाइड से बातचीत कर स्थलों के इतिहास के बारे में जानकारी ली।

पुलों के संधारण के लिए चलेगा विशेष अभियान

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने कहा कि वर्षाकाल के उपरांत लोक निर्माण विभाग पुलों के संधारण के लिए विशेष अभियान चलाएगा। ग्वालियर अंचल के 6 पुलों के मरम्मत कार्य के लिए 3 करोड़ 81 लाख 97 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलों के संधारण के लिए विशेष मरम्मत मद से यह राशि प्रदान की गई है। प्रथम चरण में ग्वालियर सेतु संभागांतर्गत अशोकनगर शहर में आर.ओ.बी. की मरम्मत के लिए 67 लाख 57 हजार रुपये, मुंगावली मल्हारगढ़ मार्ग पर कैथन नदी पर स्थित पुल की विशेष मरम्मत 13 लाख 86 हजार, बीना कांजिया मार्ग में बेतवा नदी पर स्थित पुल का विशेष मरम्मत कार्य 52 लाख 86 हजार, बरसत पटोदी मार्ग पर पार्वती नदी पर पुल की विशेष मरम्मत कार्य 71 लाख 41 हजार, ग्वालियर जिले में करियावटी बड़गौर मार्ग पर सिंध नदी पर जलमग्नीय पुल के टेम्परेरी रेस्टोरेशन कार्य के लिए 1 करोड़ 64 लाख 30 हजार और दतिया जिले के उन्नाव-झांसी मार्ग में पहुज नदी पर जलमग्नीय पुल का विशेष मरम्मत कार्य के लिए 11 लाख 97 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

छह जिलों के कालातीत किसान नगद खाद विक्रय व्यवस्था का लाभ प्राप्त कर सकेंगे

भोपाल, प्रमुख सचिव सहकारिता श्री के.सी. गुप्ता ने कमजोर वित्तीय स्थिति वाले जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों अथवा कालातीत प्राथमिक साख समितियों (पैक्स) के नियमित कृषकों को वर्ष 2022-23 की शेष अवधि में नगद में रासायनिक उर्वरक विक्रय किये जाने के निर्देश जारी किए थे।

सहकारिता विभाग द्वारा 13 अक्टूबर को जारी निर्देश में ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, होशंगाबाद एवं हरदा जिलों में अब कालातीत किसानों को भी समिति स्तर से नगद खाद विक्रय की व्यवस्था रबी सीजन 2022-23 की शेष अवधि के लिए उपलब्ध होगी। इस अवधि के बाद मार्कफेड द्वारा संचालित वितरण केंद्रों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करके पूर्ववत् मार्कफेड स्तर से नगद विक्रय की व्यवस्था बनायी जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एक नई सामाजिक और आर्थिक क्रांति कर दिखाएगी डिक्की

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मेगा बिजनेस कॉन्क्लेव में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुये।

भोपाल, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को सुविधाएं दिलाने के लिए प्रदेश स्तरीय कमेटी बनाई जाएगी। मैं डिक्की के कार्यक्रम में आकर एक नई रोशनी और प्रकाश देख रहा हूं। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए डिक्की एक नई सामाजिक और आर्थिक क्रांति कर दिखाएगी। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म-भूमि मध्यप्रदेश है। बाबा साहब ने कहा था कि बिना आर्थिक सशक्तिकरण के सामाजिक सशक्तिकरण होना मुश्किल है। बाबा साहब के दिखाए मार्ग - शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, की भावना के साथ डिक्की समाज को नई दिशा प्रदान कर रही है। हमारे बच्चे थोड़े से सहयोग से इतिहास रच सकते हैं। आसमान में नई उड़ान भर सकते हैं। प्रदेश में शिक्षा का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। रोज़गार और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए भी राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) मेगा बिजनेस कॉन्क्लेव एवं एक्सपो को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोज़गार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। वैकल्पिक रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए डिक्की ने नई राह दिखाई है। उत्साह और इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया है। राज्य सरकार उद्योग स्थापित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उद्यमियों को सुविधाएं देने के लिए मिलकर काम करेंगे। प्रदेश में हर महीने रोज़गार दिवस मनाया जाता है। प्रदेश में स्व-रोज़गार और उद्योग लगाने के लिए योजनाएं बनी हैं। युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ा जा रहा है। अब तक 25 लाख युवाओं को स्व-रोज़गार से जोड़ा जा चुका है। हर महीने लक्ष्य तय कर स्व-रोज़गार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। भोपाल में सिंगापुर के साथ मिल कर संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जा रहा है। इसमें हर साल 10 हजार बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि युवा उद्यमियों को टंट्या मामा आर्थिक कल्याण, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण, भगवान बिरसा मुंडा आर्थिक कल्याण और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने का प्रयास करना चाहिए। अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए उद्यम योजनाओं में राज्य सरकार हमेशा सहयोग करेगी। एससी-एसटी के उद्यमियों द्वारा तैयार चिन्हित उत्पाद खरीदने का निर्णय लिया जाएगा। पूरी क्षमता के साथ सहयोग कर समस्याएं दूर की जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप को प्रारंभ करने के लिए प्रदेश में नीति बनाई गई है। युवाओं को स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित करें।

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए रोज़गार और व्यवसाय की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इस दिशा में राज्य सरकार बेहतर सहयोग कर रही है।

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि हर व्यक्ति में असीम संभावनाएं होती हैं। महत्वाकांक्षा रखिये और दृढ़-निश्चय से सफलता अवश्य मिलेगी। राज्य सरकार योजनाओं और ईज ऑफ इडंग नीति के तहत युवाओं को उद्योग स्थापित करने के लिये प्रेरित कर रही है। कॉन्क्लेव में सफल उद्यमियों द्वारा दी गई सीख अपने साथ ले जाएं।

सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि हर जिले और तहसील में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए छोटे क्लस्टर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले में है जीरो टॉलरेंस नीति - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा जिले की समीक्षा करते हुये कहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति है। गरीब का पैसा खाने वालों को शासकीय सेवा में रहने का अधिकार नहीं है। उन्हें सेवा से पृथक किया जाए। राज्य सरकार, जन-कल्याण और विकास कार्यों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सम्मानित करेगी। प्रदेशवासियों की जिन्दगी बदलने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर विकास और जन-कल्याण गतिविधियां जारी हैं। जन-प्रतिनिधि, प्रशासकीय अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना से इन्हें संचालित कर आदर्श प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का उद्देश्य यही है कि आम आदमी को शासकीय कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ सरलता और सुगमता से प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए रीवा जिले में शुरू किये गये किलकारी अभियान की उपलब्धि, सी.एम. हेल्पलाइन और स्वच्छता में बेहतर कार्य के लिए जिलाधिकारियों को बधाई दी। किलकारी अभियान में विशेष रूप से विकसित सॉफ्टवेयर पर हाई रिस्क गर्भवती माताओं को दर्ज कर उनकी आवश्यक स्वास्थ्य जांचें तथा समय रहते आवश्यक सलाह उपलब्ध कराई जा रही है।

श्री चौहान ने जल जीवन मिशन में अब तक मात्र 32 प्रतिशत परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने पर कलेक्टर से वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण संबंधित ठेकेदार पर 9 लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जिले में मिशन के कार्य अधिक हैं और अमले की कमी है। समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए अन्य तकनीकी विभाग के कर्मचारियों का सहयोग भी लिया जाए। अधिकारी गांवों में जाकर कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण, परीक्षण करें। जनप्रतिनिधियों को जोड़ते हुए जन-सहभागिता से मिशन की गतिविधियों को पूर्ण किया जाए।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के दुरुपयोग पर नजर रखना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने पहले चरण के स्वीकृत आवासों का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में अनुचित राशि की मांग करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई जाए। बताया गया कि अनुचित राशि की मांग के संबंध में सी.एम. हेल्पलाइन 696 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिले के 14 ग्राम रोज़गार सहायकों को पद से पृथक किया गया है और 300 रोज़गार सहायकों का एक सप्ताह का वेतन काटा गया है।

मुख्यमंत्री ने 'एक जिला-एक उत्पाद' में रीवा के सुंदरजा आम की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने तथा इसकी प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित कर उत्पादों की मार्केटिंग का विस्तार करने के निर्देश दिए। बताया गया कि 'एक जिला-एक उत्पाद' में हल्दी और बांस से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिले में 1500 किसान प्राकृतिक खेती की दिशा में सक्रिय हैं तथा ज्वार और कोदो का रकबा बढ़ा है। कोदो की प्रोसेसिंग की दिशा में भी गतिविधियां जारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक तथा जन-प्रतिनिधि अपनी-अपनी कृषि भूमि के एक भाग में प्राकृतिक खेती से उपज लें, इससे जिले के अन्य किसान प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। बताया गया कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में जिले में प्राप्त 2 लाख आवेदन में से 1 लाख 93 हजार आवेदकों को लाभ प्रदान किया गया है।

श्री चौहान ने कहा कि नशे की गतिविधियां संचालित करने वालों को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। जिले में नशे के विरुद्ध अभियान में 202 प्रकरण बनाए गए हैं। सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के 160 प्रकरण दर्ज किए गए हैं तथा एक हुक्का बार बंद किया गया है। राशन वितरण में अनियमितता पर 10 एफ.आई.आर. और 2 कालाबाजारी के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही 4 विक्रेताओं को सेवा से पृथक किया गया है। मुख्यमंत्री ने हनुमना क्षेत्र में फर्जी विद्युत कनेक्शन देने वाले एक सब इंजीनियर को निलंबित करने के निर्देश दिए।

पहली बार दिव्यांगजनों के लिये तहसील स्तर पर लगा शिविर

डिंडोरी, निःशक्तजन कल्याण आयुक्त श्री संदीप रजक ने बताया कि प्रदेश में पहली बार दिव्यांगजन और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के उपचार के लिये डिंडोरी जिले के बरगांव में तहसील स्तर पर एक दिवसीय शिविर के साथ चलित न्यायालय भी लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन आये। इनका स्वास्थ्य परीक्षण कर व्हील चेयर, ट्राइसिकिल, श्रवण यंत्र और अन्य कृत्रिम उपकरण प्रदान करने के साथ उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया।

शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 3 हजार 924 मरीजों का पंजीयन किया। निःशक्तजन मोबाइल कोर्ट में 550 दिव्यांग मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर बैसाखी, ट्राइसिकिल और कृत्रिम उपकरण दिये गये। आयुष विभाग, कोविड टीकाकरण, फिजियोथेरेपी, चर्म रोग, हृदय रोग, नेत्र, स्त्री, शिशु, सर्जरी, अस्थि, रेडियोलॉजी, नाक-कान-गला, कैंसर, मनोरोग, पैथोलॉजी, किडनी, दंत, प्लास्टिक सर्जरी, सिकल सेल आदि रोगों के विषय विशेषज्ञों ने काउंटर लगा कर मरीजों का उपचार और परीक्षण किया।

शिविर में कलेक्टर श्री रत्नाकर झा, पुलिस अधीक्षक श्री संजय सिंह, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरतशरण सिंह, रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. गगन कोले सहित सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी, जन-प्रतिनिधि और जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

किसानों को दें उद्यानिकी फसलों के नवाचारों की जानकारी

भोपाल, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उद्यानिकी फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण में हुए नवाचारों की जानकारी से किसानों को अवगत करवाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने संभाग, जिला और विकासखंड स्तर पर जानकारी देने के लिये डिस्प्ले बोर्ड लगाने को कहा है।

श्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में पिछले वर्षों में काफी उन्नति हुई है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विभिन्न योजनाओं और नवाचारों को किसानों तक पहुंचाने के लिये संभाग, जिला और विकासखंड स्तर पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने के लिए अगले 2 सप्ताह में कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

नशे के अवैध कारोबार को पूरी तरह से ध्वस्त किया जाए - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में नशे के अवैध कारोबार को पूरी तरह से ध्वस्त किया जाए। युवा पीढ़ी को खोखला करने वाली इस गतिविधि के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए स्कूल, कॉलेजों के आसपास बनी छोटी-छोटी दुकानों से लेकर संगठित माफिया तक कड़ी कार्यवाही की जाए। नशे की गतिविधियों को संरक्षण देने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। खुफिया तंत्र को सक्रिय और वीट व्यवस्था को सशक्त करते हुए ड्रग्स, अवैध शराब और नशे की अन्य सामग्री के अवैध कारोबार को जड़ से नष्ट किया जाए। अवैध गतिविधियों की जानकारी देने वालों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था की जाएगी और उनका नाम गुप्त रखा जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हुक्का लाउंज को तत्काल बंद किया जाए। इनमें संचालित गतिविधियां बच्चों को गलत दिशा में ले जा रही हैं। हुक्का लाउंज के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने, अव्यवस्था फैलाने और दूसरों का अपमान करने वालों के विरुद्ध सख्त

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये।

कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस को सुनिश्चित करने के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक होने पर ईओडब्ल्यू की कार्रवाई की जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशवासियों को स्वच्छ प्रशासन देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। नशे के विरुद्ध थाना स्तर से राज्य स्तर तक संबंधित अधिकारी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति, माफिया के विरुद्ध की गई कार्यवाही, चिन्हित अपराधों, महिला सुरक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति से संबंधित विषयों और नारकोटिक्स के प्रकरणों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस वर्ष अब तक भू-माफिया के विरुद्ध 352 प्रकरणों में 4 हजार 869 अवैध अतिक्रमण तोड़े गए तथा 1 हजार 616 करोड़ रुपये अनुमानित लागत की 5 हजार 703 एकड़ भूमि मुक्त कराई गई। प्रदेश में जिला बदर के 50 और एनएसए के 24 प्रकरणों में आदेश जारी किए गए हैं। अवैध शराब के विरुद्ध 1 लाख 12 हजार 129 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। खनन माफिया से संबंधित 6 हजार 286 प्रकरणों में 6 हजार 345 वाहन तथा 32 हजार घनमीटर रेत जब्त की गई। चिटफंड कंपनियों के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाहियों में 55 करोड़ 22 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नाना जी ने चित्रकूट में मुक्त विश्वविद्यालय की कल्पना को साकार रूप दिया

सतना, प्रसिद्ध तपोस्थली चित्रकूट में भारत रत्न नाना जी देशमुख की 106वीं जयंती पर 9 अक्टूबर को 4 दिवसीय ग्रामोदय मेला का शुभारंभ केन्द्रीय कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा नानाजी मंडप के सामने नाना जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि राजनीति में रह कर समाज नीति की नई परिभाषा नानाजी ने दी है। नानाजी ने चित्रकूट में मुक्त विश्वविद्यालय की कल्पना को साकार रूप दिया है कि लोग आएं सीखें, समझें और आत्मसात कर अपने जीवन में उतारें।

केन्द्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि आज भारत रत्न नाना जी देशमुख की जयंती पर इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। चित्रकूट 21वीं शताब्दी में एक नया रूप ले रहा है, गांव में पढ़ाई कैसे हो, संस्कार कैसे हो इस पर दीनदयाल शोध संस्थान रोल मॉडल का काम कर रहा है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी है गांवों को आत्मनिर्भर बनाना। कोरोना काल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 150 देशों में दवाइयां पहुंचाई गई हैं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में दीनदयाल शोध संस्थान देश में एक रोल मॉडल है। आज जल उपलब्धता की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो काम हो रहा है वह आने वाले 50 वर्ष में बढ़ती आबादी के लिये पीने के पानी की आपूर्ति और जल-संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय है। वर्ष 2047 तक हम आजादी का शताब्दी वर्ष एक विकसित भारत के रूप में मनायेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, पर्यटन एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, खनिज संसाधन मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह और ठाकुर जयवीर सिंह संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार, श्री राकेश सचान मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार, सतना सांसद श्री गणेश सिंह, बांदा चित्रकूट सांसद श्री आरके सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

ट्रॉपमेट-2022 की मेजबानी में आवश्यक सहयोग करेंगे

भोपाल, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (ट्रॉपमेट) 2022 की मेजबानी का अवसर मध्यप्रदेश को मिला है। हम इसमें आवश्यक सहयोग कर पूरी सहभागिता करेंगे। इण्डियन मेट्रोलॉजिकल सोसायटी भोपाल (आईएमएसबी) के प्रतिनिधिमण्डल ने कृषि मंत्री से भेंट कर आयोजन संबंधी चर्चा की। कृषि मंत्री ने बताया है कि ट्रॉपमेट-2022 में मध्यप्रदेश के कृषि एवं पर्यावरण मौसम की भविष्यवाणी तथा आने वाली मौसमी घटनाओं और चुनौतियों पर विशेष चर्चा होगी। इससे किसानों और जनता को निश्चित रूप से लाभ होगा। चर्चा और शोध के परिणामों से कृषि के क्षेत्र में अधिकाधिक लाभ होने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान विभाग भोपाल के प्रमुख डॉ. आर. बाला सुब्रमणियन ने बताया कि मध्यप्रदेश में मौसम विज्ञान विभाग, आयसर (IISER) और आईएमएसबी द्वारा भोपाल में आगामी 29 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक ट्रॉपमेट-2022 होगा। उन्होंने बताया है कि इसमें देश के 400 से अधिक मौसम वैज्ञानिक, कृषि मौसम वैज्ञानिक, पर्यावरणविद और शोधार्थी शामिल होंगे।

प्रतिनिधिमण्डल में डॉ. बाला सुब्रमणियन के साथ आयसर के प्रो. पंकज कुमार और मौसम विशेषज्ञ डॉ. जी.डी. मिश्रा शामिल थे।

हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा शासकीय योजनाओं का लाभ - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन में संबल-2.0 योजना के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

रायसेन, मध्यप्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने के साथ ही नशे सहित सभी तरह के अवैध कारोबार को ध्वस्त किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संबल 2.0 योजना अंतर्गत 15 हजार 948 श्रमिक परिवार के बैंक खातों में 345 करोड़ 59 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अनेक जिलों में हुई असमय बारिश से फसलों को हुए नुकसान का उल्लेख करते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि- 'चिंता मत करना सरकार आपको संकट से पार ले जायेगी।' उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के साथ राहत राशि भी दी जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर हाल में गरीबों का सम्मान कायम रखा जाएगा। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान भी इसीलिए चलाया जा रहा है, जिससे कोई भी गरीब शासन की किसी भी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब परिवारों को घर बनाने के लिए जमीन देगी, चाहे खरीदकर जमीन देना पड़े पर सरकार किसी भी गरीब को बिना घर के नहीं रहने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत इस महीने के अंत तक आवेदन लेकर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस (एक नवंबर) से वंचित रह गए गरीब परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तेंदूपत्ता श्रमिकों को भी अभियान चला कर संबल योजना में शामिल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब का जीवन आसान बनाना ही उनका उद्देश्य है और रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई और पढ़ाई की व्यवस्था सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के चारों श्रमोदय विद्यालयों से गरीब श्रमिकों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खुले हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान खाद उपलब्धता और वितरण की समीक्षा करते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि खाद की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने प्रशासन को अपना खुफिया तंत्र मजबूत करने और खाद सहित राशन की चोरी करने वालों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

रायसेन के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी

श्री चौहान ने कहा कि रायसेन के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने घोषणा की कि रायसेन किले में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए रोप-वे स्थापित किया जायेगा। उन्होंने सीवेज के लिए सर्वे करने और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम के निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने सेमरी जलाशय का काम मार्च माह तक पूरा करने और आस-पास के गांव के प्रत्येक परिवार को दिसंबर तक नल से जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कटनी, छतरपुर, देवास, अशोकनगर और नर्मदापुरम् जिलों की महिला हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद किया। श्रम कल्याण मण्डल की तीन विवरणिका का विमोचन किया।

निर्वाचित जन-प्रतिनिधि निकायों को आदर्श बनाएं - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले में चार नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि नव-निर्वाचित जन-प्रतिनिधि अपने निकाय को आदर्श बनाएं। आम जनता की सेवा कर अपने दायित्व पर खरे उतरें। स्वच्छता के साथ पर्यावरण-संरक्षण, बिजली एवं पानी की बचत के क्षेत्र में और जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलवाने के लिए सक्रिय रहें। इससे जन-प्रतिनिधियों और निकायों को यश भी मिलेगा।

जिन चार नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ है उनमें बुदनी, रेहटी, शाहगंज और नसरुल्लागंज शामिल हैं। इन निकायों के 60 निर्वाचित जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होने के बाद आम जनता के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य करना है। ऐसा कार्य कर दिखाएं कि लोग प्रशंसा करने को विवश हो जाएं।

श्री चौहान ने कहा कि यह एक अभिनव प्रशिक्षण कार्यक्रम है। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि अनेक प्रतिनिधि निर्विरोध चुन कर आए हैं। जनता की सेवा करते हुए जनप्रतिनिधियों को जन-अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक प्रकल्प बनाया गया है, जिसका नाम है प्रज्ज्वल बुदनी। इसके अंतर्गत अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। बुदनी, नसरुल्लागंज के गौरव दिवस के बाद अब शाहगंज और अन्य निकायों का भी गौरव दिवस मनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम रोड मैप बना कर आगे बढ़ेंगे। सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में संचालित कार्यों की जानकारी देते रहें, जिससे जनप्रतिनिधियों को अपनी भूमिका के निर्वहन में कोई समस्या न आए। श्री चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न स्रोतों से निकायों को राशि प्राप्त होती है। निकायों को स्वयं भी अपने आय के स्रोत निर्मित कर विकास कार्यों पर व्यय करना चाहिए।

सीहोर जिले के निकाय स्वच्छता में आगे

श्री चौहान ने कहा कि सीहोर जिले के निकायों की स्वच्छता सर्वे में रैंकिंग काफी बेहतर हुई है। शाहगंज 28 से 8वें क्रम पर, रेहटी 336 से 39वें क्रम पर, बुदनी 292 से 7वें क्रम पर और नसरुल्लागंज 444 से 89वें क्रम पर आ पहुंचा है। उन्होंने इन निकायों को बधाई देते हुए कहा कि अब स्वच्छता के स्तर में और अधिक सुधार लाते हुए अव्वल आने का प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री ने इन्दौर नगर में स्वच्छता के प्रति आमजन के समर्पण का उदाहरण देते हुए बताया कि अन्य राज्य से आए यात्री द्वारा टैक्सी से खाली पैकेट सड़क पर फेंके जाने से टैक्सी ड्राइवर विचलित हुआ और गाड़ी रोक कर उसने खाली पैकेट उठाया। यात्री ने ड्राइवर से स्वच्छता का महत्व जाना। ऐसा ही भाव हर व्यक्ति को अपने निकाय को स्वच्छ रखने के लिए प्रदर्शित करना होगा। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में प्रदेश ने स्वच्छता में देश में सिरमौर बनने का गौरव हासिल किया है। इन्दौर देश में छठवीं बार स्वच्छतम शहर बना है। प्रदेश के 99 नगरीय निकाय को स्टार रेटिंग और 16 राष्ट्रीय अवॉर्ड प्राप्त हुए। स्वच्छता का संकल्प मजबूत हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। जिम्मेदारी से जनप्रतिनिधि और नागरिक स्वयं के साथ ही नगर को यशस्वी बनाने का कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री के जन्म-दिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 31 अक्टूबर तक संचालित हो रहा है। इसमें नागरिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए शिविरों का संचालन, आवेदनों की जांच और पात्रता के परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद हितग्राहियों को लाभ दिलवाया जाएगा। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस एक नवम्बर पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लिए स्वीकृति पत्र देने का कार्य होगा। यह कार्य सही तरीके से हो, इसके लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि सजग रहें। आमजन में जागरूकता लाने का कार्य भी करना है। अवैध नशे के कारोबार को ध्वस्त करने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए जाएं।

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री मनीष सिंह ने कहा कि सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान द्वारा नगरीय निकायों के नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। आज सीहोर जिले के निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए एक दिन का प्रशिक्षण हो रहा है। निकायों को श्रेष्ठ भूमिका के लिए पुरस्कृत किए जाने से स्वच्छता और जन-कल्याण के क्षेत्र में निकाय बढ़-चढ़ कर कार्य कर रहे हैं। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश को मॉडल राज्य के रूप में उभारने के प्रयास किए जा रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

पंकज त्रिपाठी

चुनाव आयोग के नेशनल आइकॉन बने

अभिनेता पंकज त्रिपाठी लोगों को वोटिंग के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार पंकज सहज संवाद करते हैं, इससे ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित होंगे। वह अभी बिहार के निर्वाचन आइकॉन हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग, ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) के साथ मिलकर एक विशेष कार्यक्रम 'मतदाता जंक्शन' नामक सीरीज शुरू कर रहा है। जिसमें 15 मिनट के 52 एपिसोड विविध भारती और आकाशवाणी के अन्य प्राथमिक रेडियो चैनल्स पर प्रसारित किए जाएंगे।

अमेरिका में

किसान ने विश्व का सबसे बड़ा कद्दू उगाया

अमेरिका के मिनेसोटा में रहने वाले किसान ट्रैविस गेंजर ने दुनिया का सबसे बड़ा कद्दू उगाने का दावा किया है। गेंजर ने इसे उगाने में 200 से अधिक दिन लगाए हैं। इसका बीज 2021 में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके 1225 किलोग्राम के कद्दू का है, इसे इटली के स्टेफानो कटुपी ने उगाया था। ट्रैविस अपने कद्दू को वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेज रहे हैं।

एलीट शीप

ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड दाम पर बिकी

ऑस्ट्रेलिया में एक भेड़ रिकॉर्ड दो करोड़ रुपये में बिकी। इस सफेद भेड़ को एलीट ऑस्ट्रेलियन वाइट सिंडीकेट ने खरीदा है। जिसमें कुल चार सदस्य हैं। सिंडिकेट के सदस्य स्टीव पेडरिक ने इस भेड़ को 'एलीट भेड़' नाम दिया है। इससे पहले साल 2021 में सबसे महंगी भेड़ 1.35 करोड़ रुपये में बिकी थी। स्टीव पेडरिक ने कहा कि वह इस भेड़ का उपयोग आनुवांशिक संवर्धन के लिए करेंगे। इस प्रजाति की भेड़ का प्रजनन भी तेजी से होता है।

ब्रिटेन

किंग चार्ल्स की फोटो वाले सिक्के चलेंगे

ब्रिटेन में किंग चार्ल्स की फोटो वाले सिक्के और नोट चलेंगे। रॉयल मिंट ने किंग चार्ल्स तृतीय की तस्वीर के साथ नए सिक्के की फोटो शेयर की है। अब तक देश में चलने वाले सिक्कों और नोटों में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का चेहरा है। नए सम्राट की तस्वीर सबसे पहले 5 पाउंड और 50 पेंस के सिक्कों पर लगाई गई है। खास बात तो यह है सिक्के के दूसरी ओर क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर होगी। रॉयल मिंट ने डिजाइनर मार्टिन जेनिंग्स ने इन सिक्के को बनाया है।

दुबई

एक्सपो में घूमने के लिए बग्घियां

दुबई के अल वसल डोम में दुबई एक्सपो-2022 शुरू हो गया है, इस एक्सपो में दुनियाभर से लोग पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि एक पवेलियन से दूसरे पवेलियन जाने के लिए बग्घियों का इंतजाम किया गया है। जगह-जगह रोबोट लोगों की मदद करते दिख रहे हैं। खाने के शौकीनों के लिए 'फूड ट्रक' चल रहे हैं, दुनिया का हर मशहूर व्यंजन यहां मौजूद है।

पैसिफिक क्रेस्ट ट्रेल

71 वर्ष के बुर्जुग ने पैदल चलकर रिकॉर्ड बनाया

अमेरिका के 71 वर्षीय बुजुर्ग पाट ने 4000 किलोमीटर के दुर्गम पैसिफिक क्रेस्ट ट्रेल को पूरा कर लिया है। ऑटि और क्रिस नामक युवक उनके साथ करीब 80 मील चले। इस यात्रा में लगातार कई महीनों तक पैदल चलकर 4,280 किलोमीटर लम्बा दुनिया का सबसे कठिन सफर पूरा करना होता है, जहां ठंड और पिघलती बर्फ से हाल बेहाल हो जाता है।

डॉक्टर विवेक मूर्ति

डब्ल्यू.एच.ओ. में अमेरिका के प्रतिनिधि बने

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने डॉक्टर विवेक मूर्ति को डब्ल्यू.एच.ओ. के कार्यकारी बोर्ड में प्रतिनिधि नामित किया है। डॉक्टर मूर्ति सर्जन जनरल के साथ नया पद भी संभालेंगे। अमेरिका में भारतीय मूल के पहले सर्जन जनरल मूर्ति मियामी में पले-बढ़े और हॉर्वर्ड, येल स्कूल ऑफ मेडिसिन और येल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से पढ़ाई की है।

लंदन

खास पोशाक में मैराथन का गिनीज रिकॉर्ड बनाया

ब्रिटेन के पेरेमी माइलर्ड ने खास पोशाक पहनकर 3 घंटे 26 मिनट 38 सेकंड में मैराथन पूरी की। माइलर्ड ने खास पोशाक में सबसे तेज मैराथन पूरी करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। माइलार्ड ने बताया कि उन्होंने बेटी के कहने पर यह पोशाक पहनी थी। पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के एलिस्टेयर केल्टी के नाम था। उन्होंने बिगफुट पोशाक पहनकर 3 घंटे 44 मिनट और 48 सेकंड में मैराथन पूरी की।

शू-बॉक्स अपार्टमेंट

जापान में छोटे घर की मांग बढ़ी

जापान की राजधानी टोक्यो में मात्र 95 स्क्वायर फीट के फ्लैटनुमा अपार्टमेंट्स युवाओं की पसंद बन रहे हैं। इसे 'थ्री तालीमी रूम्स' कहा जाता है। जो डाइनिंग रूम के कालीन से बड़े नहीं हैं। इनका किराया 27 से 50 हजार रुपये महीना है। इन अपार्टमेंट्स में 12 फीट की छत और मचान जैसी सोने की जगह के बीच दीवारों पर थोड़ी सी सजावट कर दी गई है। यह माइक्रो अपार्टमेंट अपनी लोकेशन और सुविधा के कारण युवाओं की पसंद के तौर पर देखे जा रहे हैं।

संदीप कुमार गुप्ता

गेल के नए सीएमडी बने

गेल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 2030 तक 15 प्रतिशत तक ले जाने में गेल को सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

कैडिलैक वी-16 कार

बिक्री के लिए तैयार

अमेरिका के प्रसिद्ध नीलामी घर सोदवी की 16वीं वार्षिक हर्षे एंटीक कार सेल 4 अक्टूबर से शुरू हो गई। इस नीलामी में 1930 की कैडिलैक वी-16 कार भी बिक्री के लिए आई है। जानकारों के अनुसार इस मॉडल की 17 कारें ही बची हैं जिनमें से 1 जनरल मोटर्स के हैरिटेज कलेक्शन में रखी है। नीलामी के लिए आई इस कार को 1952 में जोसेफ रूनयान ने महज 25 डॉलर (2000) में खरीदा था। इसके रेस्टोरेशन पर 2,500 डॉलर (2 लाख रुपये) खर्च किए थे।

मिशिगन में

दुनिया की सबसे लंबी बिल्ली

मिशिगन में रहने वाली विलियम जॉन पॉवर्स के पास 18.83 इंच लंबी पालतू बिल्ली है। इसे दुनिया की सबसे लंबी बिल्ली होने के चलते गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। इस नस्ल की बिल्लियां आमतौर पर अफ्रीका में पाई जाती हैं। बिल्ली के मालिक पॉवर्स ने कहा कि उन्होंने इसका नाम फेनरिर रखा है। इससे पहले पॉवर्स के एक अन्य बिल्ले आर्कटुरस को 2016 में 19.05 इंच मापा गया था, पर वह आग की चपेट में आ गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

हैरी केन

कतर वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड की तरफ से पोस्टर बॉय

नवंबर-दिसंबर में कतर में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप में युवा इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन का नाम पोस्टर बॉय के रूप में नामित हुआ है। दोहा में स्काई स्क्रैपर पर 29 साल के हैरी कैन का 75 फीट लंबा पोस्टर लगा हुआ है। ज्ञात रहे कि पुर्तगाल ने अपने स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को स्काई स्क्रैपर पर लगे पोस्टर के लिए नहीं चुना, उसकी जगह ब्रूनो फर्नांडेस का नाम सामने लाया था जबकि अर्जेंटीना ने लियोनल मेसी का नाम दिया था।

स्कॉटलैंड में

अड़सठ किलो वजन उठाकर साइकिलिंग की

स्कॉटलैंड के 34 वर्षीय एथलीट जोश औल्ड को साइकिल की सवारी और बारबेल उठाना पसंद है। जोश ने कोरोना के दौरान बारबेल उठाने के साथ-साथ साइकिलिंग शुरू की। शुरुआत में तो उन्हें दिक्कत आई, लेकिन धीरे-धीरे वह सहज महसूस करने लगे। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की ठानी। आखिरकार जोश ने 150 पाउंड यानी 68 किलो का बारबेल उठाकर साइकिलिंग कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया।



स्पेन

बारह भाई-बहनों की संयुक्त उम्र गिनीज रिकॉर्ड में शामिल

स्पेन में रहने वाले एक ही परिवार के 12 भाई-बहनों की संयुक्त उम्र 1,058 साल है। इन सबका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। इनमें सात भाई, पांच बहन शामिल हैं। सबसे कम उम्र के लुइस हर्नांडिज-पेरेज अप्रैल में 76 साल के हो गए थे जबकि सबसे बड़े भाई जोस हर्नांडिज दिसंबर में 98 साल के हो जाएंगे। वह सब वर्ल्ड रिकॉर्ड पाकर काफी खुश हैं।

सुजॉय लाल थाउसेन

सीआरपीएफ के महानिदेशक नियुक्त

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुजॉय लाल थाउसेन को केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश कैडर के 1988 बैच के अधिकारी थाउसेन वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक हैं। वह भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

जैसलमेर-वायनाड में

मकड़ी की दो नई प्रजाति मिलीं

जैसलमेर के डेजर्ट नेशनल पार्क में मकड़ी की नई प्रजाति की खोज हुई है। यह मकड़ी एफ्रोफ्लोसिला प्रजाति की है। इसे डीएनपी क्षेत्र के ऋषिकेश और उनके साथियों ने म्याजलार क्षेत्र से दिसम्बर 2018 में ऑब्जर्व किया था। लगातार शोध के बाद इसे एफ्राफ्लेसिला म्याजलार एंसिस नाम दिया गया है और इसे विश्व की मकड़ी प्रजाति में अलग पहचान मिली है। वहीं इसी प्रजाति की एक मकड़ी को वायनाड में भी देखा गया था। इस तरह विश्व में 50 हजार मकड़ी की प्रजातियों में दो नाम और जुड़ गए हैं।



स्मृति शेष

एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने वाली सविता का निधन

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में द्रौपदी का डांडा-2 पर्वत पर हिमस्खलन के बाद मिले मृतकों में पर्वतारोही सविता कांसवाल भी शामिल हैं। सविता ने इसी साल 12 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराया था। सविता इसके 15 दिन बाद ही माउंट मकालू पर भी पहुंची थीं और इसके बाद वे अब हादसे का शिकार हो गईं।

पवन पुरुष नाम से ख्यात उद्योगपति तुलसी तांती का निधन

पवन पुरुष के नाम से मशहूर उद्योगपति तुलसी तांती का 64 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें देश में पवन उर्जा का भीष्म पितामह माना जाता है। उन्होंने वर्ष 1995 में पवन उर्जा आधारित कंपनी सुजलॉन एनर्जी की स्थापना की थी। उन्होंने पवन उर्जा से बिजली बनाने पर निवेश किया था।

फिल्म और टेलीविजन अभिनेता अरुण बाली का निधन

फिल्मों से लेकर टेलीविजन तक में शानदार अभिनय से सबका दिल जीत चुके एक्टर अरुण बाली का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने राजू बन गया जेंटलमैन, फूल और अंगारे, खलनायक, थ्री इडियट्स, पानीपत के साथ ही टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया। वह अंतिम बार हालिया फिल्म 'गुडबाय' में नजर आए थे।

एटलस ग्रुप के चेयरमैन रामचंद्रन का निधन

एटलस ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रवासी भारतीय कारोबारी एम.एम. रामचंद्रन का 80 वर्ष की अवस्था में यूएई में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 191/MTN/2022 (CBMS)

No./14377/22/D-12/NIT-Maint./2022 **Bhopal, Dated : 10.10.2022**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. **Table No. 1 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year) (CBMS)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Seoni	1	4516484.00
2.	Singrauli	1	8660117.00

2. **Table No. 2 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year) (CBMS)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Sidhi	1	993606.00
2.	Singrauli	1	1212190.00

3. **Table No. 3 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year) (CBMS)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Alirajpur	2	1247102.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **13.10.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106761/47656/2022 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1020 (PMGSY-B.W.)

No./14484/22/D-12/MPRRDA/2022 **Bhopal, Dated : 12.10.2022**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work –** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Barwani	1	51943813.00

1. Bid document may be purchase online from **13.10.2022 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **29.10.2022 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106788/47658/2022 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011

IFB No. WB –41/1021

No./14595/FA/WB/CMGSY/2022 **Bhopal, Dated : 13.10.2022**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Construction of Urban Model Corridor including road safety works under Community Participatory Road Safety Program from Bada Ganpati Junction to Aerodrum Police Station under Indore Municipal Corporation (IMC) in Indore as under :-

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Total Estimated Cost (In Rs.)
1.	Indore	1	1	109290693.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **14.10.2022 from 15.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106830/47661/2022 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 192/MTN/2022

No./14380/22/D-12/NIT-Maint./2022 **Bhopal, Dated : 10.10.2022**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

1. **Table No. 1 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar Malwa	1	10534316.00
2.	Alirajpur	1	13979094.00
3.	Ashoknagar	2	9463865.00
4.	Barwani	1	20888328.00
5.	Chhindwara	1	2616956.00
6.	Harda	2	5545308.00
7.	Jabalpur	1	1951518.00
8.	Narmadapuram	2	17794041.00
9.	Ratlam	1	5665568.00
10.	Shajapur	2	12440231.00
11.	Sheopur	1	2653942.00
12.	Seoni	2	45789799.00
13.	Singrauli	1	15508585.00
14.	Vidisha	3	18149412.00

2. **Table No. 2 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Jabalpur	1	1154478.00
2.	Khandwa	2	14696164.00
3.	Rewa	1	1975491.00
4.	Seoni	1	7688567.00
5.	Sidhi	3	23929162.00
6.	Shajapur	1	5958875.00
7.	Ujjain	1	3384844.00
8.	Vidisha	1	14438939.00

3. **Table No. 3 :- Name of Work –** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Sagar	1	5139496.00
2.	Singrauli	1	11958565.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **17.10.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106762/47657/2022 **(TENDER)**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) 462026
(Website : www.bubhopal.ac.in
E-mail : registrar@bubhopal.nic.in)

विज्ञा. क्र. 3073/प्रशा./विज्ञापन/बैकलॉग-2(एस)/2022 भोपाल, दि. : 04.10.2022

बैकलॉग के शेष रिक्त पदों पर सीधी भर्ती

(संदर्भ : पूर्व सूचना क्रमांक 2087/प्रशा. /विज्ञापन/बैकलॉग-2(एस)/2022 दिनांक 27.09.2022)
(आवेदन की अंतिम तिथि 04.11.2022)

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में बैकलॉग के रिक्त शैक्षणिक पदों पर विभिन्न विषयों के शैक्षणिक संवर्ग (प्राध्यापक/सह-प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक) के माध्यम से सीधी भर्ती हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

रिक्त पदों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

1. **शैक्षणिक संवर्ग -**

(i) **प्राध्यापक-06 पद** [बायोसाइंस-01(ST), तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति-01(SC), पर्यावरण विज्ञान एवं सरोवर विज्ञान-01(OBC), फारसी-01(SC), मनोविज्ञान-01(OBC), समाजशास्त्र-01(ST,Women)]

(ii) **सह-प्राध्यापक-05 पद** [तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति-01(ST), भू-विज्ञान-01(SC), भौतिकी-01(OBC, Women), मनोविज्ञान-01(ST), आर.पी.ई.जी., भूगोल-01(SC)]

(iii) **सहायक प्राध्यापक-02 पद** [फारसी-01(OBC), मनोविज्ञान-01(ST)]

रिक्त पदों का विस्तृत विवरण/आवेदन प्रपत्र/महत्वपूर्ण निर्देश आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** से डाउनलोड कर, आवश्यक प्रमाण पत्रों, अंकसूचियों की सत्यापित छायाप्रतियों आदि के साथ कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल-462026 के कार्यालय में **दिनांक 04.11.2022 तक** व्यक्तिशः/स्पीडपोस्ट/कोरियर/रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा करें। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माने जाएंगे।

म.प्र. माध्यम/106838/47662/2022 **कुलसचिव**

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

कोलार रोड, भोपाल-462016 (म.प्र.)

प्रवेश सूचना

बी.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवर्षीय कार्यक्रम सत्र 2022-24
(NCTE से मान्यता प्राप्त)

अर्हता : 1. स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। (इन्जीनियरिंग या समतुल्य अर्हता वाले पाठ्यक्रम के लिए 55% अंकों की अनिवार्यता है।) 2. NCTE से मान्यता प्राप्त शिक्षा विषय का कोई कार्यक्रम नियमित रीति से पूर्ण किया हो।

कार्यक्रम शुल्क : सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 30000/-, पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-

प्रवेश परीक्षा : भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं सतना जिले के ऑनलाइन केन्द्रों पर **दिनांक 04.12.2022 को प्रातः 9.00 से 11.00 बजे तक** आयोजित होगी।

डी.एल.एड. (मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा) द्विवर्षीय कार्यक्रम सत्र 2022-24
(NCTE से मान्यता प्राप्त)

अर्हता : 1. हायर सेकेण्डरी/10+2 परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के पश्चात् किसी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक/प्रारंभिक विद्यालय में दो वर्ष का अध्ययन अनुभव तथा वर्तमान में नियमित शिक्षक के रूप में कार्यरत होना अनिवार्य है।

कार्यक्रम शुल्क : सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 19200/-, पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल फीस रु. 50/-

प्रवेश परीक्षा : भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं सतना जिले के ऑनलाइन केन्द्रों पर **दिनांक 04.12.2022 को प्रातः 9.00 से 11.00 बजे तक** आयोजित होगी।

सभी कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन : प्रवेश परीक्षा CBT With SD100 (Without Isolation) में सम्मिलित होने के लिए आवेदन mponline portal के माध्यम से दिनांक **17 अक्टूबर 2022 से 11 नवम्बर 2022 तक** एवं विलम्ब शुल्क रु. 300/- के साथ **18 नवम्बर 2022 तक** स्वीकार किये जायेंगे।

नोट :- 1. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए स्थान आरक्षण सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर म.प्र. शासन के नियमानुसार होगा। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पूर्व कियोस्क से डाउनलोड किये जा सकेंगे। प्रवेश संबंधी विस्तृत विज्ञापन एवं जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in** पर उपलब्ध है। 2. यूजीसी मान्यता प्रावधिक है। 3. किसी शहर में अभ्यार्थियों की संख्या 50 से कम होने पर वहां के अभ्यार्थियों को निकटतम शहर में स्थित परीक्षा केन्द्र पर स्थानांतरित किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/106806/47659/2022 **कुलसचिव**

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

कोलार रोड, भोपाल-462016 (म.प्र.)

प्रवेश सूचना

बी.एड. (विशेष शिक्षा-दूरस्थ शिक्षा) द्विवर्षीय कार्यक्रम सत्र 2022-24
(RCI से मान्यता प्राप्त)

अर्हता : स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। तकनीकी अथवा समतुल्य अर्हता वाले पाठ्यक्रम के लिये 55% अंकों की अनिवार्यता है। निम्नानुसार योग्यता होने पर छात्र को 10 अंक का लाभांश प्रवेश परीक्षा में दिया जाएगा- 1. निःशक्त संतान होने पर माता-पिता को। 2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से निःशक्तजन का प्रमाण पत्र होने की स्थिति में। 3. आर.सी.आई. द्वारा प्राप्त डिप्लोमा या डिग्री होने की स्थिति में।

कार्यक्रम शुल्क : सम्पूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क रु. 36000/-, पंजीयन शुल्क रु. 800/- + पोर्टल शुल्क रु. 50/-

प्रवेश परीक्षा : भोपाल के ऑनलाइन केन्द्रों पर **दिनांक 04.12.2022 को दोपहर 2.00 से 4.00 बजे तक** आयोजित होगी।

बी.एड. (विशेष शिक्षा) कार्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन- प्रवेश परीक्षा CBT With SD100 (Without Isolation) में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र mponline portal के माध्यम से **दिनांक 17 अक्टूबर 2022 से 11 नवम्बर 2022 तक** एवं विलम्ब शुल्क रु. 300/- के साथ **18 नवम्बर 2022 तक** स्वीकार किये जायेंगे। **नोट-** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए स्थान आरक्षण सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर म.प्र. शासन के नियमानुसार होगा। ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र परीक्षा पूर्व कियोस्क से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश संबंधी विस्तृत विज्ञापन एवं जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://mpbou.edu.in** पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/106807/47660/2022 **कुलसचिव**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, सतना (मध्यप्रदेश)

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सी.एम.सी.एल.डी.पी.) परीक्षा सूचना-2022

सी.एम.सी.एल.डी.पी. अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के 89 आदिवासी, 224 गैर आदिवासी विकासखंडों एवं महिला बाल विकास विभाग के 51 जिलों से संबंधित पूर्व पंजीकृत पुराने छात्र जो तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा से वंचित अथवा ईयर बैक हैं, उन्हें मुख्य परीक्षा एवं प्रथम अथवा द्वितीय अथवा तृतीय वर्ष के किन्हीं प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें पूरक परीक्षा का एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा हेतु आवेदन एम.पी. ऑनलाइन लिंक **mgcgv.mponline.gov.in** द्वारा **दिनांक 14 अक्टूबर, 2022 से 15 नवम्बर, 2022 तक** भरे जायेंगे।

आर-47655/2022 **कुलसचिव**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न - प्राचीन इतिहास

1. किस उपनिषद् में सर्वप्रथम चारों आश्रमों का उल्लेख किया गया है?
(अ) जबाली उपनिषद्
(ब) छांदोग्य उपनिषद्
(स) माण्डूक्य उपनिषद्
(द) वृहदारण्यक उपनिषद्
उत्तर -(अ) जबाली उपनिषद्

2. हाथीगुफा अभिलेख का संबंध किस शासक से है?
(अ) खारवेल (ब) पुष्यगुप्त
(स) कनिष्क (द) चंद्रगुप्त मौर्य
उत्तर -(अ) खारवेल

3. तमिल ग्रंथ 'अहनानूर' में किस मगध शासक के दक्षिण विजय का उल्लेख मिलता है?
(अ) अशोक (ब) चंद्रगुप्त मौर्य
(स) बिंबसार (द) महाद्मनंद
उत्तर -(ब) चंद्रगुप्त मौर्य

4. अशोक के किस शिलालेख में धम्म महामात्यों की नियुक्ति की सूचना मिलती है?
(अ) 6वां (ब) 4वां
(स) 8वां (द) 5वां
उत्तर -(द) 5वां

5. अनेकांतवाद का सिद्धांत किस धर्म से संबंधित है?
(अ) बौद्ध (ब) जैन
(स) शैव (द) वैष्णव
उत्तर -(ब) जैन

6. किस शासक ने शकों पर विजय के उपलक्ष्य में शकारि की उपधि धारण की थी?
(अ) स्कंदगुप्त
(ब) चंद्रगुप्त द्वितीय
(स) रुद्रसेन (द) समुद्रगुप्त
उत्तर -(ब) चंद्रगुप्त द्वितीय

7. 'शिलापादिकारम्' नामक ग्रंथ की रचना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) मणिमैखलै (ब) सत्तनार
(स) इलंगो आदिगल
(द) तिरुवल्लुवर
उत्तर -(स) इलंगो आदिगल

8. हर्षवर्द्धन के काल में नालंदा के कुलपति कौन थे?
(अ) शीलभद्र (ब) भद्रबाहु
(स) चाणक्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर -(अ) शीलभद्र

9. एलोरा के कैलाश मंदिर का संबंध किन शासकों से है?
(अ) चेर (ब) चोल
(स) राष्ट्रकूट (द) पाण्ड्य
उत्तर -(स) राष्ट्रकूट

10. निम्न में से किसने द्वितीय जैन संगीति की अध्यक्षता की थी?
(अ) स्थूलभद्र (ब) भद्रबाहु
(स) देवार्धि क्षमाश्रवण
(द) मोगलिपुत्त
उत्तर- (स) देवार्धि क्षमाश्रवण

11. बुद्ध को महापरिनिर्वाण की प्राप्ति कहां हुई थी?
(अ) पावापुरी (ब) सारनाथ
(स) कुशीनगर (द) गया
उत्तर -(स) कुशीनगर

12. मुंज सागर झील का निर्माण किस वंश के शासक द्वारा करवाया गया?
(अ) चंदेल (ब) परमार
(स) मौर्य (द) गुप्त
उत्तर -(ब) परमार

13. चौहान वंश के किस शासक को 'रायपिथौरा" कहा जाता था?
(अ) वासुदेव (ब) अजयपाल
(स) पृथ्वीराज चौहान
(द) परमार्दि देव
उत्तर -(स) पृथ्वीराज चौहान

14. आल्हा ऊदल किस चंदेल शासक के दरबार में थे?
(अ) धंग (ब) यशोवर्मन
(स) परमार्दि देव (द) विद्याधर
उत्तर -(स) परमार्दि देव

15. विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना किस पालवंशीय शासक के काल में हुई?
(अ) धर्मपाल (ब) देवपाल
(स) अजयपाल (द) महिपाल
उत्तर -(अ) धर्मपाल

16. 'गौड़वाहो' के रचनाकार कौन थे?
(अ) मुंज (ब) भोज
(स) पद्मगुप्त (द) वाक्पति
उत्तर -(द) वाक्पति

17. देवगढ़ का दशावतार मंदिर किस वंश के शासनकाल से संबंधित है?
(अ) मौर्य (ब) कलिंग
(स) मौखरि (द) गुप्त
उत्तर -(द) गुप्त

18. तमिल साहित्य में 'वेनीगर' किसे कहा गया है?
(अ) कृषक वर्ग (ब) शिक्षक
(स) व्यापारी वर्ग
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर -(स) व्यापारी वर्ग

19. 'कविराज' नामक उपनाम से किस गुप्त शासक ने कविताएं लिखी थीं?
(अ) चंद्रगुप्त (ब) अशोक
(स) कृष्णदेव राय (द) समुद्र गुप्त
उत्तर -(द) समुद्र गुप्त

20. 'आजीवक' संप्रदाय के संस्थापक कौन हैं?
(अ) संजय वेट्ठलिपुत्त
(ब) मक्खिलि गोशाल
(स) चार्वाक
(द) पकुध
उत्तर -(ब) मक्खिलि गोशाल

21. चतुर्थ बौद्ध संगीति की अध्यक्षता किसने की थी?
(अ) सावकमीर
(ब) मोगलिपुत्त तिस्स
(स) स्थूलभद्र
(द) वसुमित्र
उत्तर -(द) वसुमित्र

22. निम्न में से कौन सुमेलित हैं?

महाजनपद		राजधानी
(1) मगध	-	राजगृह
(2) मत्स्य	-	कौशाम्बी
(3) मल्ल	-	पोतन
(4) शूरसेन	-	मथुरा

(अ) केवल 1 (ब) 1 एवं 4
(स) 1 एवं 3 (द) 2 व 3
उत्तर -(ब) 1 एवं 4

23. महाबलीपुरम् के रथ मंदिरों का निर्माण किन शासकों द्वारा करवाया गया था?
(अ) चोल (ब) पल्लव
(स) चेदि (द) चालुक्य
उत्तर -(ब) पल्लव

24. तिने अवधारणा का प्रयोग कहां किया जाता था?
(अ) तमिल क्षेत्र (ब) सौराष्ट्र
(स) उत्तर भारत (द) कामरूप
उत्तर -(अ) तमिल क्षेत्र

25. धार्मिक कविताओं का संकलन 'कुरल' किस भाषा में है?
(अ) ग्रीक (ब) तमिल
(स) तेलुगु (द) पालि
उत्तर -(ब) तमिल

26. चरक एवं नागार्जुन किसके शासनकाल में थे?
(अ) पुष्यमित्र शुंग (ब) कनिष्क
(स) चंद्रगुप्त (द) हर्ष
उत्तर -(ब) कनिष्क

27. अशोक के द्विभाषी अभिलेख (ग्रीक एवं अरमाइक) कहां से प्राप्त हुए?
(अ) शर-ए-कुना (ब) मानसेहरा
(स) कलिंग (द) साहगौरा
उत्तर -(अ) शर-ए-कुना

28. मिलिंदपहों राजा मिलिंद और किस बौद्ध भिक्षु के मध्य संवाद है?
(अ) नागार्जुन (ब) नागसेन
(स) नागभट्ट (द) कुमारिल भट्ट
उत्तर -(ब) नागसेन

29. निम्न में से किसने वाकाटक वंश की स्थापना की?
(अ) विंध्यशक्ति (ब) जयशक्ति
(स) रुद्रसेन (द) नंदिवर्धन
उत्तर -(अ) विंध्यशक्ति

30. नचिकेता और यम का संवाद किस उपनिषद् में है?
(अ) वृहदारण्यक (ब) छांदोग्य
(स) कठोपनिषद् (द) केन
उत्तर -(स) कठोपनिषद्

31. ऋग्वेद का कौनसा मण्डल पूर्णतः सोम को समर्पित है?
(अ) पहला (ब) नौवां
(स) सातवां (द) आठवां
उत्तर -(ब) नौवां

32. आगम और अंग का संबंध किस धर्म से है?
(अ) बौद्ध (ब) जैन
(स) वैष्णव (द) शैव
उत्तर -(ब) जैन

33. निम्न में कौन सुमेलित नहीं है?
(अ) कथासरित्सागर - सोमदेव
(ब) पृथ्वीराज विजय - जयानक
(स) प्रबंध चिंतामणि - बिल्हण
(द) वसंत विलास - बालचंद्र
उत्तर -(स) प्रबंध चिंतामणि - बिल्हण

34. विपाशा किस नदी का प्राचीन नाम है?
(अ) चिनाव (ब) व्यास
(स) गण्डक (द) रावी
उत्तर -(ब) व्यास

35. न्याय दर्शन के प्रतिपादक (प्रवर्तक) कौन थे?
(अ) गौतम (ब) कपिल
(स) पतंजलि (द) बादरायण
उत्तर -(अ) गौतम

36. 'सिंह' किस जैन तीर्थंकर का प्रतीक चिन्ह थे?
(अ) पार्श्वनाथ (ब) ऋषभदेव
(स) महावीर (द) संभवनाथ
उत्तर -(स) महावीर

37. तृतीय बौद्ध संगीति का आयोजन कहां किया गया था?
(अ) राजगृह (ब) वैशाली
(स) पाटलिपुत्र (द) कुण्डल वन
उत्तर -(स) पाटलिपुत्र

38. कौलमार्गी एवं समयाचारी किस संप्रदाय से संबंधित है?
(अ) वैष्णव (ब) शाक्त
(स) जैन (द) ईसाई
उत्तर -(ब) शाक्त धर्म

39. मौर्य वंश का अंतिम शासक कौन था?
(अ) रामगुप्त (ब) दशरथ
(स) वृहद्रथ (द) देववर्मा
उत्तर -(स) वृहद्रथ

40. कण्व वंश की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) देवभूति (ब) वसुमित्र
(स) वसुदेव (द) पुष्यमित्र
उत्तर -(स) वसुदेव

आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)- 462011
Phone No. : 0755-4853297 E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in,ajay.nagaria@mp.gov.in
NIT No. : 447/GM/BDC/NIT/CMRISE/CW/22/11 **Bhopal, Dated : 14.10.2022**

NOTICE INVITING TENDERS

MPBDC Bhopal invites online tenders for the works construction of CM Rise school Buildings at following places :-

S.No.	Package No./Place	PAC Excl. GST. (Rs. in LACs)
1.	023 Khandwa At Shaahpur District Burhanpur	2,560.27
2.	024 Khandwa At Boribuzurg District Burhanpur	2301.09
3.	025 Khandwa At Harsood District Khandwa	2302.68
4.	026 Bhopal-1 At Ashta District Sehore	4,564.13
5.	027 Bhopal-2 At Badi District Raisen	2,653.20
6.	028 Bhopal-2 At Sanchi District Raisen	3,000.82
7.	029 Bhopal-2 At Udaipura And Silwani District Raisen	6,307.58
8.	030 Bhopal-2 At Nateran And Kurwai District Vidisha	5,481.00

The dates for purchase, submission, etc. are mentioned in the key dates. Tender forms can be purchased online only from **19.10.2022 at 18:00 hrs. to 14.11.2022 at 15:30 hrs.** the detailed NIT and other details can be seen on portal **www.mptenders.gov.in.** The Addendum/ Corrigendum (if any) shall be published on above website only from website **The bidders have to submit the Bids online only.** The Addendum/Corrigendum (if any) shall only be published on the website of **www.mptenders.gov.in** only. MPBDC reserves the right to accept/reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
M.P. Madhyam/106861/47667/2022 **MANAGING DIRECTOR**

बेमौसम बरसात से प्रभावित फसलों की क्षतिपूर्ति की जाएगी – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसम बरसात से कई जगह हमारे किसान भाई-बहनों की फसलों को क्षति पहुंची है, लेकिन वे चिंता नहीं करें। प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल फसलों के नुकसान का सर्वे आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे कर, क्षति के आकलन के आधार पर किसानों को राहत राशि दी जाएगी। श्री चौहान ने निवास कार्यालय से मीडिया के माध्यम से किसानों को जारी संदेश में यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा योजना का लाभ मिले, इसके निर्देश भी दिए गए हैं। किसान भाई चिंता न करें, राज्य सरकार उनके साथ है। क्षति की भरपाई की जाएगी। प्रभावित किसानों को संकट से उबारने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462011

IFB No. WB –1/2022

No./14642/FA/WB/CMGSY/2022 **Bhopal, Dated : 14.10.2022**
Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** Supply, Installation and commissioning of Medical Equipment for Establishment of Level III Trauma Care Center and Advanced Emergency Wing (AEW) under Community Participatory Road Safety Program (CPRSP) in the District of Dhar, Indore and Datia as under :-

S. No.	Name of Work/ Lot No.	Quantity	Bid Security (in Rs.)	Cost of bid document including 18% GST	Consignee
1	Dhar (LOT-1)	As per List attached in RFP	462300	17700	As per tender document
2	Indore (LOT-2)	As per List attached in RFP	181300	14750	As per tender document
3	Datia (LOT-3)	As per List attached in RFP	174700	14750	As per tender document

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **17.10.2022 from 17:00 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/106853/47665/2022 **(TENDER)**

SHRI JAIN SHWETAMBER PROFESSIONAL ACADEMY

AFFILIATED TO DAVV
Airport Pithampur Road, Near Hinkargiri, Indore-453 112 (M.P.)
Mobile : 94259-55610, 94259-55620, e-mail : sjspa.principal@gmail.com

REQUIRES

- **Assistant Professor/ Associate Professor/ Professor**
  - Hindi - 2 • English - 2 • Political Science - 2 • Sociology - 2
  - Commerce - 4 • Computer Science - 4 • Biotech - 2 • Chemistry - 2
  - Social Science - 2 • History - 2 • Social Work - 2 • Education - 3
  - Library Science - 1 • Maths - 2 • Physics - 2 • Yoga - 2
- **Office Assistant - cum - Computer Operator - 1**
- **Sports Officer - 1 ■ Driver - 1**

VIGILANCE

Salary & Qualification: As per UGC/NCTE norms.
Send application to the Principal within 7 days. **- Principal**

R-47654/2022

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र./1246/तशा/प.यं./2022 **दिनांक : 13.10.2022**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय शिवाजी नगर, भोपाल में सीवर लाइन, छात्रावास के सामने पेवर ब्लॉक एवं दाहिने भवन में एसीपी कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2022_MPPHC_227381_1 आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.10.2022 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/106855/47666/2022 **परियोजना यंत्री**

सतर्कता से नियंत्रित करें लम्पी रोग

भोपाल, मध्यप्रदेश गौ-संवर्द्धन बोर्ड कार्य परिषद के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अफवाहों के भ्रम जाल में आकर घबराएं नहीं, सतर्कता और स्वच्छता से गौवंश का पालन करें। लम्पी चर्म रोग गंभीर और संक्रामक होते हुए भी उपचार विधि और सतर्कता से नियंत्रण में है। स्वामी श्री गिरी ने कहा कि प्रदेश के 31 जिले लम्पी रोग से प्रभावित हो चुके हैं। टीकाकरण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। अब तक 13 लाख 40 हजार से अधिक पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है।

पीएम श्री स्कूल (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया)

उन्नत अवसंरचना और अभिनव शिक्षा से युक्त होंगे स्कूल

देश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने को लेकर केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। बीते आठ साल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति से लेकर शिक्षा में सुधार के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। कुछ महीने पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने और मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक नई केंद्र प्रायोजित योजना- पीएम श्री स्कूल (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) को मंजूरी दी थी। इस योजना के अंतर्गत देशभर से चयनित 14,500 से अधिक मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके पीएम श्री स्कूलों के रूप में विकसित किया जाएगा। हाल ही में शिक्षक दिवस के अवसर पर, 5 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-एसएचआरआई) योजना के तहत देश भर में 14,500 स्कूलों के विकास और उन्नयन की घोषणा की है।

पीएम श्री स्कूल

पीएम श्री स्कूल देशभर के मौजूदा स्कूलों में से चयनित स्कूल होंगे जिन्हें आधुनिक तरीकों से पुनः विकसित किया जाएगा। पीएम श्री स्कूल अपने आसपास के अन्य स्कूलों को सहायता, मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करेंगे। इसके लिए उन्हें उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेटिव शिक्षा पद्धति और प्रौद्योगिकी के साथ तैयार किया जाएगा। पीएम श्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करेंगे और समय के साथ अनुकरणीय स्कूलों के रूप में उभरेंगे। इन स्कूलों के माध्यम से बच्चों की विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए एक समान, समावेशी और आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम श्री स्कूल 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप कौशल युक्त व्यक्तियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

पीएम श्री स्कूल की प्रमुख विशेषताएं

- पीएम श्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को प्रदर्शित करेंगे, समय के साथ अनुकरणीय स्कूलों के रूप में उभरेंगे और निकटवर्ती स्कूलों को मार्गदर्शन एवं नेतृत्व प्रदान करेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्रों में एक समान, समावेशी और आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करेंगे, जो विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी जरूरतों और बच्चों की विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ध्यान रखती है और एनईपी 2020 के विजन के अनुरूप उन्हें सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाती है।
- पीएम श्री स्कूल मार्गदर्शन प्रदान करके अपने संबंधित क्षेत्रों के अन्य स्कूलों को नेतृत्व प्रदान करेंगे।
- सौर पैनल और एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और जल संचयन, पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित परंपराओं/प्रथाओं का अध्ययन, जलवायु परिवर्तन से संबंधित हैकथॉन और जैविक जीवन शैली को अपनाने के लिए जागरूकता जैसे पर्यावरण-अनुकूल पहलुओं को शामिल करने वाले ग्रीन स्कूलों के रूप में पीएम श्री स्कूलों को विकसित किया जाएगा।
- इन स्कूलों में अपनाया गया शिक्षाशास्त्र अधिक अनुभवात्मक, समग्र, एकीकृत, खेल/खिलौना आधारित (विशेषकर, प्राथमिक वर्षों में) उत्सुकता आधारित, खोज-उन्मुख, शिक्षार्थी-केंद्रित, चर्चा-आधारित, लचीला और मनोरंजक होगा।
- प्रत्येक कक्षा में प्रत्येक बच्चे के सीखने के परिणामों पर ध्यान दिया जाएगा। सभी स्तरों पर मूल्यांकन वैचारिक समझ, वास्तविक जीवन स्थितियों में ज्ञान के अनुप्रयोग और योग्यता पर आधारित होगा।
- प्रत्येक क्षेत्र (डोमेन) के लिए उपलब्धता, पर्याप्तता, उपयुक्तता और उपयोग के संदर्भ में उपलब्ध संसाधनों और उनकी प्रभावशीलता एवं उनके प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों का आकलन किया जाएगा और कमियों को व्यवस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।
- रोज़गार क्षमता बढ़ाने और बेहतर रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए क्षेत्र कौशल परिषदों और स्थानीय उद्योग के साथ संपर्क।
- परिणामों को मापने के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को निर्दिष्ट करते हुए एक स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन फ्रेमवर्क (एसक्यूएएफ) भी विकसित किया गया है। अपेक्षित मानकों को सुनिश्चित करने के लिए नियमित अंतराल पर इन स्कूलों का गुणवत्ता मूल्यांकन किया जाएगा।

इस परियोजना की लागत कितनी है?

केंद्र सरकार बड़े स्तर पर शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से इन बदलावों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। पीएम श्री स्कूल इन्हीं बदलावों की एक कड़ी हैं जिसकी कुल परियोजना लागत 27,360 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। कुल परियोजना लागत में वर्ष 2022-23 से 2026-27 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए 18,128 करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा शामिल है। पीएम श्री स्कूलों की योजना उभरते भारत के लिए पीएम स्कूल को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा।

कहां कितने स्कूल होंगे?

पूरे भारत में कुल स्कूलों की संख्या को देखते हुए प्रति ब्लॉक/यूएलबी अधिकतम दो स्कूलों का चयन किया जाएगा। पीएम श्री स्कूलों के चयन और निगरानी के लिए स्कूलों की जियो-टैगिंग की जाएगी। जियो-टैगिंग और अन्य संबंधित कार्यों के लिए भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान की मदद ली जाएगी। पीएम श्री स्कूलों का चयन चैलेंज मोड के माध्यम से किया जाएगा। इस योजना के पहले दो वर्षों के दौरान, इस पोर्टल को वर्ष में चार बार, यानी प्रत्येक तिमाही में एक बार खोला जाएगा। योजना में शामिल होने के लिए स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं आवेदन करना होगा। स्कूलों के अंतिम चयन के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे पीएम श्री स्कूल

पीएम श्री स्कूलों को नई तकनीकों के समावेश के साथ आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण रखा जाएगा। डिजिटल शिक्षा का उपयोग करने के लिए आईसीटी, स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लाइब्रेरी की भी स्थापना की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को 21वीं सदी की तकनीक से रूबरू कराया जा सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों और छात्रों के बीच भाषा की बाधाओं को खत्म करने के लिए तकनीकी उपायों का उपयोग करते हुए मातृभाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में प्रोत्साहित किया जाएगा। इन विद्यालयों को सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित करने के लिए स्कूलों को विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय और बोकेशनल लैब आदि उपलब्ध कराए जाएंगे।

ग्रीन स्कूलों के रूप में किया जाएगा विकसित

पीएम श्री स्कूलों का विकास पर्यावरण के अनुरूप किया जाएगा जिसमें सौर पैनल और एलईडी लाइट के साथ-साथ अपशिष्ट प्रबंधन का भी खास ध्यान रखा जाएगा। प्लास्टिक मुक्त परिवेश में जल संचयन, पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित परंपराओं का अध्ययन और जैविक जीवन शैली को अपनाने के लिए बच्चों को जागरूक किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल पहलुओं को शामिल करने वाले ग्रीन स्कूलों के रूप में पीएम श्री स्कूलों को विकसित किया जाएगा। इस योजना में स्कूल की ग्रीन अवसंरचना के निर्माण के लिए मौजूदा योजनाओं, पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सामुदायिक भागीदारी के साथ समन्वय की परिकल्पना की गई है।

अगले 25 साल में भारत बनेगा ज्ञान अर्थव्यवस्था

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि पीएम श्री स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की प्रयोगशाला होंगे। हम अमृत काल के युग में हैं। यह अगले 25 साल भारत को एक ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम 21वीं सदी के अवसरों और चुनौतियों के लिए तैयारी करते हैं, तो हमें अपनी शिक्षा और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहिए। विभिन्न शिक्षा और कौशल संस्थानों के दौरे के दौरान हम सभी को 21वीं सदी की भविष्य की शिक्षा प्रणाली के विभिन्न आयामों की झलक मिली।

लाखों छात्र होंगे लाभान्वित

पीएम श्री स्कूल 21वीं सदी के वैश्विक नागरिकों को तैयार करने के लिए कदम हैं। इस योजना से 18 लाख से अधिक छात्रों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है। इसके अलावा पीएम श्री स्कूलों के आसपास के स्कूलों पर भी मार्गदर्शन और सहयोग के माध्यम से प्रभाव पड़ेगा। इन स्कूलों को बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए जीवंत स्कूलों के रूप में विकसित किया जाएगा।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी के रूप में प्रसिद्ध है सिंगरौली जिला

सिंगरौली, मध्यप्रदेश के रीवा संभाग का एक जिला है, जिसे 24 मई, 2008 को सीधी जिले से विभाजित कर प्रदेश के 50वें जिले का दर्जा दिया गया था। सिंगरौली, मध्यप्रदेश के सबसे पूर्वी भाग में स्थित एक सीमावर्ती जिला है, जिसकी सीमा उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों से लगती है।

ऐतिहासिक रूप से सिंगरौली, रीवा की एक रियासत थी, जो बघेलखंड क्षेत्र का हिस्सा था। यह जिला प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से संपन्न है। प्राचीनकाल में यह क्षेत्र घने जंगलों और दुर्गम इलाकों से ढंका हुआ था। खनिज संसाधनों और तापीय विद्युत संयंत्रों की प्रचुरता के कारण इसे ऊर्जांचल और मध्यप्रदेश की कोयला राजधानी नाम दिया गया है। सिंगरौली जिले का प्राचीन नाम श्रृंगावली है, जो संत श्रृंगी के नाम पर रखा गया था। जिले में देवसर की पहाड़ियां भी स्थित हैं। सिंगरौली, मध्यप्रदेश का एकमात्र जिला है, जहां से भारत की मानक रेखा 82.5 डिग्री होकर गुजरती है।

इतिहास से

सिंगरौली जिला जिस भू-भाग में स्थित है, उसका इतिहास बहुत प्राचीन है, अंग्रेजों के आने से पहले सिंगरौली जिला वर्तमान उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के दक्षिणी भाग में आता था। जब देशी रियासतों का उदय हुआ तो सिंगरौली का भू-भाग रीवा राज्य या रियासत का अंग बन गया और जब देश स्वतंत्र हुआ तो रीवा की तरह सिंगरौली भी मध्यप्रदेश का अंग बन गया। रीवा रियासत की स्थापना करीब 1400 ईसवी में बघेल राजपूतों द्वारा की गई थी।

आज ऊर्जाधानी के नाम से मशहूर सिंगरौली का इतिहास 6वीं-7वीं शताब्दी में एक समृद्ध क्षेत्र के रूप में रहा है। यह क्षेत्र गुप्तकाल और कल्चुरी वंशजों के साम्राज्य का अहम हिस्सा रहा करता था। उस समय दक्षिण भारत से पूर्वी भारत और वर्मा, जावा, सुमात्रा आदि देशों को जाने वाले व्यापारी इसी मार्ग से गुजरते थे। इस मार्ग का उपयोग जबलपुर और दक्षिण तरफ के तीर्थयात्री प्रयाग, काशी जाने के लिए करते थे। साथ ही यह पाटिलीपुत्र (पटना) जाने का भी एक अहम पहुंच मार्ग हुआ करता था। भारतीय पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण ने भी इस तथ्य को पुख्ता किया है।

अर्थव्यवस्था

सिंगरौली जिला खनिज राजस्व की दृष्टि से प्रदेश के जिलों में अग्रणी है। जिले में सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन भी होता है। कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध इस जिले में कोयले की मोटी परत पाई जाती है।

सिंगरौली में काम करने वाली सभी प्रमुख कंपनियां भारतीय ऊर्जा उद्योग से संबंधित हैं। यहां प्रमुख रूप से एनटीपीसी, कोल इंडिया लिमिटेड, रिलायंस पावर लिमिटेड, एस्सार पावर लिमिटेड आदि कंपनियां कार्यरत हैं। जिले में भारत की अग्रणी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी स्थापित की गई है। बरगवां में हिन्डाल्को का कारखाना है, जो एल्यूमीनियम का उत्पादन करता है। लाल और काली दोनों प्रकार की मिट्टी सिंगरौली जिले में पाई जाती है। यहां मुख्य रूप से धान, मक्का और गेहूं की खेती की जाती है।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 24 मई 2008
2. संभाग - रीवा
3. जिला मुख्यालय - वैढ़न
4. क्षेत्रफल - 5675 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 11,78,273 (पुरुष-6,13,637 महिलाएं- 5,64,636)
6. लिंग अनुपात - 920
7. जनघनत्व - 208 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता - 62.36%
9. तहसीलें - (सिंगरौली नगर, सिंगरौली, चितरंगी, देवसर, माडा, सरई)
10. विकासखंड - 3
11. ग्राम पंचायत - 316
12. ग्राम - 816
13. जनपद पंचायत - 3 (वैढ़न, चितरंगी, देवसर)
14. जिला पंचायत - 1 (सिंगरौली)
15. विधानसभा क्षेत्र - 3 (सिंगरौली, चितरंगी, देवसर)
16. लोकसभा क्षेत्र - 1 (सीधी)
17. भाषा एवं बोली - हिन्दी, बघेली (सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- रियासत काल में इस जिले को क्षेत्र का काला पानी भी कहा जाता था क्योंकि तत्कालीन शासक नागरिकों और अधिकारियों को बंदी बनाने के बाद उन्हें सजा देने के लिए यहां के दुर्गम और घने जंगलों को खुली जेल के रूप में इस्तेमाल करते थे।
- जिला मुख्यालय वैढ़न से 32 किलोमीटर की दूरी पर माडा में, 7 से 8वीं शताब्दी की कलात्मक रूप से नक्काशीदार गुफाएं देखी जा सकती हैं। प्रसिद्ध गुफाओं में गणेश माडा, विवाह माडा, शंकर माडा, जलजलिया और रावण माडा शामिल हैं। ये गुफाएँ रॉक कट वास्तुकला का सुंदर उदाहरण हैं।
- जलजलिया माडा गुफा परिसर में दो गुफाएं हैं जिनमें से एक मंदिर गुफा है और दूसरी एक भूमिगत गुफा है, जो एक पूल के रूप में है। मंदिर में भगवान शिव प्रतिमा और देवी की मूर्ति है। पूल गुफा में पानी का एक अज्ञात स्रोत है। इस गुफा से करीब 200 मीटर की दूरी पर, एक छोटा मंदिर देवी सीता को समर्पित है, जिसे सीता कुटी नाम से जाना जाता है। यह एक छोटा झरना है, जो कि इच्छा-पूरा जलप्रपात के रूप में भी जाना जाता है और स्थानीय लोगों के बीच बहुत ही लोकप्रिय है।
- सिंगरौली जिले में सरई के निकट बौद्ध दंड नामक स्थल आजकल पुरातत्वविदों और इतिहासकारों के लिए रुचि का स्थल बना हुआ है।
- सिंगरौली में भारतीय पुरातात्विक विभाग ने छठवीं शताब्दी की स्वास्तिक आकार में बनी एक मूर्ति एवं कुछ अन्य प्रतिमाएं घने जंगलों में खुदाई के दौरान ढूंढ़ निकाली हैं जिसका सम्बन्ध उस दौरान यहाँ पर शासन कर रहे कलचुरी वंश से है। यहाँ से भगवान विष्णु की भी दुर्लभ मूर्ति मिली है।
- रिहंद बांध सिंगरौली में पर्यटन का एक मुख्य स्थल है। चारों तरफ से सुंदर पहाड़ियों से घिरा हुआ यह बांध बहुत बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। रिहंद नदी पर बना यह बांध एक बहुउद्देशीय परियोजना है। यहां से कुछ दूरी पर जंगल में वन देवी का मंदिर है।
- सिंगरौली शहर में उत्तरी कोलफील्ड्स लिमिटेड के झिंगुरदाह परियोजना में स्थित हनुमान मंदिर एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है। इस मंदिर की एक और विशेषता है वह यह कि इसकी सीढ़ियां मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश दोनों राज्यों की सीमा में हैं। मंदिर के समीप ही टिप्पा झरिया, नामक एक प्रसिद्ध पिकनिक स्थान है।
- दुर्घट मंदिर, झींगुरदा झील, बिजुल बांध, मुदवानी बांध, बूढ़ी माई मंदिर, इको एडवेंचर पार्क, रोज गार्डन, लेक पार्क विंध्य नगर जिले में स्थित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

कॅरियर की राहें

सितारों की दुनिया में बनाइए बेहतर कॅरियर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

चांद-सितारों की दुनिया बचपन से हर किसी को लुभाती है। अंतरिक्ष की दुनिया अपने भीतर तमाम रहस्य समेटे हुए है, जिसके बारे में जानने की उत्सुकता हर इंसान को रहती है। यही कारण है कि अंतरिक्ष विज्ञान हमेशा से बहुत ही रोचक और रोमांचक विषय रहा है। पिछले कुछ दशकों से अंतरिक्ष के लिए अनवरत अभियान भेजे जाते रहे हैं। अंतरिक्ष में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक स्थापित किया गया है, जहां रहकर खगोल विज्ञानी अंतरिक्ष के रहस्यों को उजागर करने के लिए निरंतर शोध कर रहे हैं। इन अभियानों ने बच्चों, किशोरों, युवाओं और दुनिया के ख्यात उद्यमियों एवं कारोबारियों की अंतरिक्ष और खगोल विज्ञान में दिलचस्पी बढ़ाने में मदद की है। यही कारण है कि चाहे आम इंसान हो, विज्ञान में रुचि रखने वाले लोग हों या फिर या वर्जिन ग्रुप के संस्थापक रिचर्ड ब्रेनसन, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस या फिर भारतीय मूल की शिरिषा बांदला भी निजी अभियानों के तहत रॉकेट प्लेन से अंतरिक्ष की ओर गए हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान में क्या-क्या शामिल है?

अंतरिक्ष विज्ञान विज्ञान की ही एक शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रह, उपग्रह, तारे, धूमकेतु, आकाशगंगा एवं अन्य अंतरिक्ष में उपस्थित हेवनली बॉडीज का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान में न केवल हेवनली बॉडीज के इतिहास की गर्त में जाकर देखना होता है, बल्कि उनके भविष्य में विकास की संभावनाओं पर भी पैनी नजर रखनी होती है। पृथ्वी किस आकार की है? अगर पृथ्वी घूमती है तो हमारा घर क्यों नहीं घूमता? सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण क्या होता है? क्या केवल पृथ्वी पर ही जीवन है? ऐसे ही सैकड़ों सवालों का हल अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत ढूंढ़ा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं।

रहस्यों के संसार में नई खोजों ने बढ़ाए कॅरियर के मौके

वर्तमान समय में आधुनिक तकनीक और नए-नए वैज्ञानिक उपकरणों के विकास ने अंतरिक्ष विज्ञान को अध्ययन की एक विशेष शाखा बना दिया है। हालांकि अंतरिक्ष विज्ञान, विज्ञान के अन्य विषयों जितनी ही पुरानी शाखा है। क्योंकि मानव प्राचीन समय से ही तारों और हेवनली बॉडीज की गति पर नजर बनाए हुए है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी के आसमान छू रहे विकास ने चांद, तारों व ग्रहों को करीब से जानने की सहूलियत प्रदान कर दी है। आर्यभट्ट, भास्कर, गेलीलियो और न्यूटन इस क्षेत्र की कुछ महानतम हस्तियां हैं, जो आकाश के चमचमाते तारों से किसी भी प्रकार से कम नहीं हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर बनाने के लिए सबसे पहले 11वीं कक्षा में गणित विषय समूह लेना होगा। 12वीं गणित समूह से उत्तीर्ण करने के उपरांत आपको बी.एससी. की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग यानी बी.ई. करते हैं तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएच.डी. भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में प्रमुखतया मास्टर स्तर और पीएच.डी. प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यतः उपलब्ध हैं। एकवर्षीय ज्वाइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है।

अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी स्किल्स

चूंकि आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना एक लंबा, बहुत समय लेने वाला एवं पेचीदा काम है, इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला और सबसे जरूरी गुण भी है। अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासु होना है। पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर के बहुआयामी मौके

अंतरिक्ष विज्ञान में कॅरियर के बहुआयामी मौके हैं। कोर्स करने के उपरांत

आप चाहें तो किसी भी रिसर्च इंस्टीट्यूट में बतौर रिसर्च साइंटिस्ट काम कर सकते हैं। आपको भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी रोज़गार मिल सकता है। कुछ एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन में स्वयं खगोलीय उपकरण बनाने का मौका मिलता है, साथ ही साथ एस्ट्रोनॉमी प्रोजेक्ट में भी काम करने का अवसर मिलता है। अगर आप घूमने के शौकीन हैं तो आपको देश-विदेश घूमने के बहुत सारे मौके मिलेंगे, क्योंकि सेमिनार और कॉन्फ्रेंस आयोजनों में आए दिन विभिन्न स्थानों पर जाना जो होता है। रिसर्च वर्क समाप्ति के बाद रोज़गार के अवसर कहीं अधिक बढ़ जाते हैं। बहुत से सरकारी संस्थानों में एस्ट्रोनॉमर की नियुक्ति की जाती है। यहां आपको विभिन्न साइंटिस्ट ग्रेड के पद पर रखा जाता है जहां आकर्षक वेतन के अतिरिक्त आपको अन्य लाभ भी मिलते हैं। खगोल भौतिकी, खगोलशास्त्र में उच्च उपाधि प्राप्त युवाओं के लिए शोध एवं शैक्षणिक विधाओं के अलावा विभिन्न प्रकार के उद्योगों, कम्प्यूटर, साफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा साइंस जैसे क्षेत्रों में भी रोज़गार की अच्छी संभावनाएं हैं।

अंतरिक्ष विज्ञान में कैसे बनाएं कॅरियर

देश की विभिन्न अंतरिक्ष शोध संस्थाओं और विभिन्न विश्वविद्यालयों में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। आप अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप अंतरिक्ष विज्ञान का अध्यापन कराने वाले किसी उपयुक्त संस्थान का चयन करके इस क्षेत्र में अच्छे कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **योगेश्वर दत्त ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों में कुश्ती में कांस्य पदक जीता था?**
(अ) वर्ष 2004
(ब) वर्ष 2008
(स) वर्ष 2012
(द) वर्ष 2016

2. **क्रिस सिल्वरवुड वर्तमान में किस देश की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं?**
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) वेस्टइंडीज
(स) पाकिस्तान
(द) श्रीलंका

3. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने इंडियन वेल्स मास्टर्स खिताब जीता है?**
(अ) कैमरन नॉरी
(ब) मिलोस राओनिक
(स) स्टैन वावरिंका
(द) इनमें से कोई नहीं

4. **किस देश ने सबसे ज्यादा बार एफआईएच पुरुष हॉकी वर्ल्डकप जीता है?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) जर्मनी (द) नीदरलैंड्स

5. **वर्ष 2025 में आईसीसी महिला वन-डे वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया जायेगा?**
(अ) भारत (ब) श्रीलंका
(स) बांग्लादेश (द) यूएई

6. **एलेक्जेंडर ज्वेरेव किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) अर्जेंटीना (ब) रूस
(स) ग्रीस (द) जर्मनी

7. **इस वर्ष आईसीसी ट्वेंटी-20 वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया जा रहा है?**
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) द. अफ्रीका
(द) यूएई

8. **इनमें से कौन-सा खेल एशियन गेम्स-2023 का हिस्सा नहीं है?**
(अ) ताइक्वांडो (ब) तीरंदाजी
(स) बिलियर्ड्स (द) कबड्डी

9. **अनिर्बान लाहिड़ी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) निशानेबाजी (ब) कुश्ती
(स) एथेलेटिक्स (द) गोल्फ

10. **इस वर्ष कनाडा मास्टर्स में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) सिमोना हालेप
(ब) जेसिका पेगुला
(स) कैरोलिना प्लिस्कोवा
(द) कोको गॉफ

11. **मिरोस्लाव क्लोस किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रहे हैं?**
(अ) नीदरलैंड (ब) फ्रांस
(स) बेल्जियम (द) जर्मनी

12. **भारत ने इनमें से किस वर्ष आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था?**
(अ) वर्ष 2006
(ब) वर्ष 2009
(स) वर्ष 2013
(द) वर्ष 2017

13. **इस वर्ष महिला कोपा अमेरिका कप का खिताब किस देश ने जीता है?**
(अ) अर्जेंटीना (ब) ब्राजील
(स) कोलंबिया (द) पैराग्वे

14. **वर्ष 2006 में किस शहर में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित किए गए थे?**
(अ) मेलबर्न (ब) मेनचेस्टर
(स) ऑकलैंड (द) डबलिन

15. **इनमें से किस गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 10 विकेट लिए हैं?**
(अ) मुथैया मुरलीधरन
(ब) केशव महाराज
(स) नाथन लियोन
(द) एजाज पटेल

16. **मध्यप्रदेश की प्राची यादव किस खेल में देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) पैरा कैनोइंग
(ब) पैरा निशानेबाजी
(स) पैरा बैडमिंटन
(द) पैरा एथेलेटिक्स

17. **इस वर्ष कॉमनवेल्थ गेम्स में किस देश ने क्रिकेट स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) वेस्टइंडीज (द) श्रीलंका

18. **वर्ष 2018 में किसने वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में एकल वर्ग का खिताब जीता था?**
(अ) समीर वर्मा (ब) चेन लोंग
(स) केंटो मोमोटा
(द) विक्टर एक्सेलसन

19. **इनमें से किस टेनिस स्टार ने हाल ही में संन्यास लिया है?**
(अ) राफेल नडाल
(ब) रोजर फेडरर
(स) नोवाक जोकोविच
(द) एंडी मरे

20. **श्रीलंका ने किस वर्ष आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप जीता था?**
(अ) वर्ष 2010
(ब) वर्ष 2012
(स) वर्ष 2014
(द) वर्ष 2016

21. **रोहित शर्मा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक कितने शतक बनाये हैं?**
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार

22. **वर्ष 2018 में किस शहर में विंटर ओलिंपिक खेल आयोजित किए गए थे?**
(अ) प्योंगचांग (ब) मिलान
(स) तुरिन (द) वैंकुवर

23. **वर्ष 2015 में किस देश ने आईसीसी क्रिकेट विश्वकप जीता था?**
(अ) न्यूजीलैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) वेस्टइंडीज (द) इंग्लैंड

24. **विक्टोरिया अजारेंका ने इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(ब) विम्बलडन
(स) यूएस ओपन (द) फ्रेंच ओपन

25. **इस वर्ष ब्रिटिश ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप जीतने वाले गोल्फर हैं?**
(अ) जॉर्डन स्पीथ
(ब) कैमरन स्मिथ
(स) रॉरी मैक्लरॉय
(द) टाइगर वूड्स

उत्तर

1. (स), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (अ), 6. (द), 7. (ब), 8. (स), 9. (द), 10. (अ), 11. (द), 12. (स), 13. (ब), 14. (अ), 15. (द), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (ब), 20. (स), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (अ), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर जीती वन-डे सीरीज

नई दिल्ली, युवा खिलाड़ियों से सुसज्जित भारतीय क्रिकेट टीम ने वन-डे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से मात दी है। भारत ने नई दिल्ली में खेले गए सीरीज के तीसरे और आखिरी वन-डे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराया। मैच में भारत की जीत की बुनियाद स्पिनरों ने रखी। भारत के स्पिनर कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और शहबाज अहमद ने बेहतरीन गेंदबाजी कर भारत को आसान जीत दिलाई।

मैच में भारत के कप्तान शिखर धवन ने गेंदबाजी के लिए मुफीद पिच पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय गेंदबाजों ने इस निर्णय को सही साबित किया। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी वल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (6) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने यानेमन मलान (15) और रीजा हेंड्रिक्स (3) को आउट कर दक्षिण अफ्रीकी टीम को दबाव में ला दिया। एक समय दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट महज 43 रन पर गिर गए थे। इसके बाद हेनरिक क्लासेन ने डेविड मिलर के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने मिलर को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा झटका दिया। इसके बाद कुलदीप यादव और शहबाज अहमद ने निचले क्रम

- **सीरीज का पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने 9 रन से तथा दूसरा मैच भारत ने 7 विकेट से जीता था।**
- **भारत ने घरेलू मैदान पर 12 वर्ष बाद दक्षिण अफ्रीका को वन-डे सीरीज में हराया है।**
- **इससे पहले भारत ने वर्ष 2010 में दक्षिण अफ्रीका को द्विपक्षीय वन-डे सीरीज में हराया था।**
- **तीसरे वन-डे में दक्षिण अफ्रीका का 99 रन का स्कोर भारत के खिलाफ उसका सबसे कम स्कोर है।**
- **इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने वर्ष 1999 में नैरोबी में भारत के खिलाफ 117 रन बनाये थे।**

के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर दक्षिण अफ्रीका को 100 रन के भीतर समेट दिया। दक्षिण अफ्रीका की पारी 27.1 ओवर में 99 रन पर खत्म हुई। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 4 तथा वाशिंगटन सुंदर, शहबाज अहमद और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट लिए।

जीत के लिए मिले 100 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शुभमन गिल ने तेज शुरुआत दिलाई। शुभमन ने शिखर धवन के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 6.1 ओवरों में 42 रनों की साझेदारी की। धवन महज 8 रन बना सके, वहीं शुभमन (49) एक रन से अर्धशतक से चूक गए। भारत ने 19.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में श्रेयस अय्यर ने 28 रनों की नाबाद पारी खेली।

कुलदीप यादव को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच तथा मोहम्मद सिराज को मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड्स से नवाजा गया।

हरमनप्रीत कौर चुनी गईं आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सितम्बर 2022 के लिए महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा है। हरमनप्रीत यह अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। आईसीसी ने सितम्बर माह में इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए भारत की हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के अलावा बांग्लादेश की निगार सुल्ताना को भी नामांकित किया गया था। हरमनप्रीत ने सितम्बर में इंग्लैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 और वन-डे सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। हरमनप्रीत के इस प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को उसी के घर में वन-डे सीरीज में 3-0 से हराया था।

बारबोरा क्रेजिकोवा ने जीता ओस्ट्रावा ओपन

ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य की महिला टेनिस खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा ने सर्बिया में आयोजित ओस्ट्रावा ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। क्रेजिकोवा ने टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में पोलैंड की ईगा स्वितेक को रोमांचक मुकाबले में 5-7, 7-6 (7-4), 6-3 से हराया। स्वितेक ने मैच के पहले सेट को 7-5 से जीतकर क्रेजिकोवा पर दबाव बनाया। दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने स्वितेक को जबरदस्त टक्कर दी और सेट को टाईब्रेकर में जीता। तीसरे सेट में क्रेजिकोवा पूरी तरह स्वितेक पर हावी नजर आईं। क्रेजिकोवा ने तीसरे सेट को 6-3 से आसानी से जीत लिया और खिताब पर कब्जा जमाया।

राष्ट्रमंडल खेल-2026 से कुश्ती बाहर, निशानेबाजी शामिल

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर कर दिया गया है। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने राष्ट्रमंडल खेल-2026 के लिए पूर्ण खेल कार्यक्रम की घोषणा की है। राष्ट्रमंडल खेल-2026 में 20 खेल और 26 स्पर्धाएं शामिल हैं। इनमें से नौ स्पर्धाएं पैरा खेलों के लिए हैं। सीजीएफ ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल-2026 में निशानेबाजी को फिर से शामिल किया गया है, जबकि कुश्ती इस खेल आयोजन से बाहर होगा। गोल्फ, बीएमएक्स रेसिंग और कोस्टल रोइंग पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा बनेंगे।

इगोर स्टिमेक के करार में हो सकती है वृद्धि

नई दिल्ली, भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमेक का कार्यकाल आगे बढ़ सकता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने इगोर स्टिमेक के कार्यकाल को अगले वर्ष आयोजित होने वाले एएफसी एशिया कप के अंत तक बढ़ाने की सिफारिश की है। पूर्व फुटबॉलर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने स्टिमेक के मार्गदर्शन में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर चर्चा की और एआईएफएफ कार्यकारी समिति को स्टिमेक को उनके पद पर बनाए रखने की सिफारिश की। वर्ष 2019 में भारतीय फुटबॉल टीम के कोच बनाए गए स्टिमेक का यह तीसरा अनुबंध विस्तार होगा। स्टिमेक के मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुये एशिया कप के लिए क्वालिफाइ किया है।

मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों में मलखंब में किया स्वर्णिम प्रदर्शन

अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में पहली बार शामिल किए गए मलखंब खेल में मध्यप्रदेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की पुरुष मलखंब टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलखंब में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं सिद्धि गुप्ता ने पोल मलखंब में स्वर्ण पदक तथा रोप मलखंब में रजत पदक जीते हैं। प्रणव कोरी ने हैंगिंग मलखंब में मध्यप्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया है। इनके अलावा मध्यप्रदेश के राजवीर पवार ने रोप मलखंब में रजत पदक जीता है, वहीं चंद्रशेखर चौहान ने रोप और पोल मलखंब में 1-1 कांस्य पदक जीते हैं। मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों-2020 में 20 स्वर्ण, 25 रजत और 21 कांस्य सहित कुल 66 पदक जीते हैं।

स्वितेक ने बनाया सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड

वारसा, पोलैंड की युवा टेनिस स्टार ईगा स्वितेक का इस वर्ष टेनिस में शानदार प्रदर्शन जारी है। स्वितेक ने एक वर्ष में सबसे ज्यादा मैच जीतने का नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वितेक ने वर्ष 2022 में 60 मैच जीते हैं। उन्होंने इस मामले में कैरोलीन वोज्नियाकी की बराबरी की है। कैरोलीन ने 2017 में 60 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। वर्ष 2022 में स्वितेक का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।

मैक्स वर्स्टापेन लगातार दूसरी बार बने फॉर्मूला-वन चैम्पियन

सुजुका, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। वर्स्टापेन लगातार दूसरी बार रफ्तार के इस खेल के चैम्पियन बने हैं। वर्स्टापेन ने सत्र में 4 रेस शेष रहते फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप अपने नाम की।

वर्स्टापेन ने जापान के सुजुका में आयोजित जापानी ग्रांप्री रेस में जीत दर्ज की। यह रेस 28 लैप की हुई। बारिश के कारण रेस को कई बार रोका गया। रेस में पोल पोजिशन हासिल करने वाले वर्स्टापेन ने इस रेस को 3 घंटे 1 मिनट और 44.04 सेकेंड में पूरा किया। रेस में वर्स्टापेन के टीम साथी सर्जियो पेरेज दूसरे, चार्ल्स लेकलर्क तीसरे, एस्टाबेन ओकेन चौथे और लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे।

वर्स्टापेन ने इस सत्र में अब तक 18 में से 12 रेस जीती हैं। उन्होंने जापानी ग्रांप्री से पहले सउदी अरब, इमिलिया रोमाग्ना, मियामी, स्पेनिश, अजरबैजान, कनेडियन, फ्रेंच, हंगरियन, बेल्जियम, डच और इटेलियन ग्रांप्री का खिताब भी अपने

नाम किया है। वर्स्टापेन ने इस वर्ष ड्राइवर स्टैंडिंग में सर्वाधिक 366 अंक अर्जित किए है।

- **मैक्स वर्स्टापेन ने वर्ष 2021 में भी जीती थी फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप।**
- **इस वर्ष चार्ल्स लेकलर्क ने 3, सर्जियो पेरेज ने 2 और कार्लोस सेंज ने 1 रेस जीती है।**
- **सात बार के विश्व चैम्पियन लुईस हैमिल्टन इस वर्ष एक भी रेस नहीं जीत पाये हैं।**
- **इस सत्र में अभी अमेरिकन, मैक्सिको सिटी, साओ पाउलो और अबुधाबी ग्रांप्री आयोजित होना बाकी हैं।**

एफआईएच अवॉर्ड्स

हरमनप्रीत सिंह बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष हॉकी खिलाड़ी

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने वर्ष 2022 के लिए हॉकी अवॉर्ड्स की घोषणा की है। एफआईएच हॉकी अवॉर्ड्स में भारतीय खिलाड़ियों की धूम रही। एफआईएच ने भारत के दिग्गज खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना है। इसके अलावा पी.आर. श्रीजेश पुरुष वर्ग में और सविता पूनिया महिला वर्ग में विश्व की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुनी गईं। इन खिलाड़ियों को टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। हरमनप्रीत, श्रीजेश और सविता ने पिछले वर्ष भी यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड अपने नाम किया था।

भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह की गिनती विश्व के शीर्ष ड्रैग फ्लिकर्स में होती है। हरमनप्रीत ने इस वर्ष एफआईएच प्रो लीग में 16 मैचों में 18 गोल किए थे। हरमनप्रीत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत एफआईएच प्रो लीग में तीसरे स्थान पर रहा था, वहीं हरमनप्रीत के शानदार खेल के दम पर भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। हरमनप्रीत सिंह ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवॉर्ड की दौड़ में थिएरे ब्रिंकमैन और टॉम बून को पीछे छोड़ा।

पी.आर. श्रीजेश पिछले 16 वर्षों से भारतीय हॉकी टीम की दीवार बने हुए हैं। श्रीजेश ने कई मैचों में भारत के लिए मैच जिताऊ प्रदर्शन किया है। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर अवॉर्ड के लिए श्रीजेश के अलावा बेल्जियम के लोइक वेन डोरेन और नीदरलैंड के प्राइमिन ब्लाक को नामांकित किया गया था, लेकिन श्रीजेश ने 39.9 अंक अर्जित कर यह अवॉर्ड अपने नाम किया। भारतीय महिला टीम की गोलकीपर सविता पूनिया अर्जेंटीना की बेलेन सूसी और ऑस्ट्रेलिया की जोसेलिन वार्टमे को हराकर यह अवॉर्ड जीता। एफआईएच ने नीदरलैंड्स की फेलिस अलवर्स को महिला वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना है।

पंकज आडवाणी ने

पच्चीसवीं बार जीती विश्व चैम्पियनशिप

क्वालालंपुर, भारत के अनुभवी बिलियर्ड्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने क्वालालंपुर में आयोजित आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। पंकज ने अपने हमवतन खिलाड़ी सौरव कोठारी को 4-0 से हराकर विश्व चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। पंकज के कॅरियर का यह 25वां विश्व खिताब है।

विश्व चैम्पियनशिप में 150 अप प्रारूप में पंकज ने शुरुआत से अपने इरादे स्पष्ट करते हुए आक्रामक खेल दिखाया। पंकज ने पहले फ्रेम को 149 के ब्रेक के साथ अपने नाम किया, तब तक उनके प्रतिद्वंद्वी सौरव अपना खाता भी नहीं खोल पाये थे। दूसरे फ्रेम में सौरव को अंक अर्जित करने के कुछ मौके मिले, लेकिन वे उसका फायदा नहीं उठा पाये, वहीं पंकज ने दूसरे फ्रेम में

77 के ब्रेक के साथ अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया।

तीसरे फ्रेम में जहां सौरव दबाव में बिखरते नजर आये, वहीं पंकज के खेल में निखार आ गया। पंकज ने तीसरे फ्रेम को 153 के ब्रेक के साथ जीता। ये टूर्नामेंट का सर्वोच्च ब्रेक था। चौथे फ्रेम में पंकज ने 80 और 60 के दो ब्रेक बनाए और खिताब 4-0 से अपने नाम किया।

खितावी जीत दर्ज करने के बाद पंकज ने कहा कि इस वर्ष मैंने जिस तरह से हर बिलियर्ड्स इवेंट में हिस्सा लिया और उसे जीता है उससे मैं खुश हूं। विश्व स्तर पर देश के लिए एक और स्वर्ण पदक जीतकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

- **पंकज आडवाणी ने बिलियर्ड्स के 150 अप प्रारूप में लगातार पांचवीं बार विश्व खिताब जीता है।**
- **पंकज ने 150 अप प्रारूप में वर्ष 2016, 2017, 2018 और 2019 में भी विश्व चैम्पियनशिप जीती थी।**
- **पंकज ने रिकॉर्ड पांचवीं बार एक कैलेंडर वर्ष में बिलियर्ड्स में राष्ट्रीय, एशियन और विश्व स्तर पर खिताब जीते हैं।**
- **पंकज ने पिछले वर्ष कतर में आईबीएसएफ 6 रेड स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप जीती थी।**

नोवाक जोकोविच ने जीता अस्ताना ओपन

अस्ताना, सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कजाखस्तान में आयोजित अस्ताना ओपन का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के फाइनल में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 6-4 से हराया। मैच में जोकोविच ने पहला सेट आसानी से 6-3 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में सितसिपास ने वापसी की कोशिश की और लगातार अंक अर्जित किए, लेकिन जोकोविच के शानदार खेल के सामने सितसिपास ज्यादा देर टिक नहीं पाये। जोकोविच ने यह सेट 6-4 से जीता। जोकोविच ने इससे पहले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में डेनिल मेदवेदेव को हराया था। ये जोकोविच का इस वर्ष चौथा खिताब है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• श्रीलंका में •

लिट्टे के बंदी रिहा किए जाएंगे

श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धन ने कहा कि देश में शेष सभी तमिल टाइगर बंदियों को रिहा कर दिया

जाएगा और आतंकवाद रोकथाम अधिनियम (पीटीए) को निरस्त कर दिया जाएगा। द आइलैंड अखबार ने प्रधानमंत्री द्वारा संसद में दिये गये एक वक्तव्य के हवाले से बताया कि श्रीलंका, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् (यूएनएचआरसी) से किए गए सभी वादों को पूरा करेगा।

लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के कैदियों और पीटीए का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूएनएचआरसी ने यह दो मुख्य मांग की हैं। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे लिट्टे से संबंधित कैदियों को रिहा करने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जो एक अलगाववादी समूह है, जिसने 2009 में सैन्य रूप से कुचले जाने से पहले एक चौथाई सदी तक भीषण लड़ाई लड़ी थी। श्री गुणवर्धन ने कहा कि लिट्टे के ये बंदी लंबे समय से जेलों में बंद हैं।

संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस

भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां नवाचार की भावना प्रबल है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र विश्व भू-स्थानिक अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस को संबोधित किया। हैदराबाद में हो रहे सम्मेलन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शहर अपनी संस्कृति तथा खान-पान, आतिथ्य और हाईटेक विजन के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के विषय, 'ग्लोबल विलेज को भू-सक्षम बनाना :' कोई भी पीछे न रहे' को भारत द्वारा पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए कदमों के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'हम अंत्योदय के विजन पर काम कर रहे हैं, जिसका अर्थ है मिशन मोड में विकास के सिरे पर खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना।' प्रधानमंत्री ने बताया कि 450 मिलियन लोग (संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक आबादी) जिनके पास बैंकिंग की सुविधा नहीं थी, उन्हें बैंकिंग नेट के तहत लाया गया है और 135 मिलियन लोगों (फ्रांस की आबादी का लगभग दोगुना) को बीमा की सुविधा दी गयी है। 'भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पीछे न रहे' इस बात को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि 110 मिलियन परिवारों को स्वच्छता सुविधाएं दी गईं और 60 मिलियन से अधिक परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन दिए गए हैं।'

प्रधानमंत्री ने जैम ट्रिनिटी का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन लाती है, जिसने 800 मिलियन लोगों को निर्बाध रूप से कल्याणकारी

- **प्रौद्योगिकी और प्रतिभा दो स्तंभ हैं, जो भारत की विकास यात्रा की कुंजी हैं।**

लाभ पहुंचाया है और दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को संचालित करने वाला तकनीकी प्लेटफार्म प्रदान किया है। श्री मोदी ने कहा, 'भारत में, प्रौद्योगिकी विलगाव का नहीं, समावेश का माध्यम है।' प्रधानमंत्री ने समावेश और प्रगति को आगे बढ़ाने में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो डिजिटल ओसन प्लेटफार्म के समान है। प्रधानमंत्री ने भारत के पड़ोस में संचार की सुविधा के लिए दक्षिण एशिया उपग्रह का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने पहले ही भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी के लाभों को साझा करने के क्षेत्र में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रतिभा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत एक युवा राष्ट्र है, जहां नवाचार की भावना प्रबल है।' उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के शीर्ष स्टार्टअप हब में से एक है, जहां 2021 के बाद से यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है, जो भारत की युवा प्रतिभा का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवाचार करने की स्वतंत्रता, सबसे महत्वपूर्ण स्वतंत्रताओं में से एक है, और इसे भू-स्थानिक क्षेत्र के लिए सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि भू-स्थानिक डेटा का संग्रह, उत्पादन और डिजिटलीकरण का अब लोकतंत्रीकरण किया गया है। इन सुधारों के साथ ड्रोन क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया है और निजी भागीदारी के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलने के साथ-साथ भारत में 5जी की शुरुआत हुई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के अनुसार, कोविड-19 महामारी को सभी को साथ लेकर चलने का आह्वान होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि संकट के समय एक-दूसरे की मदद करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संस्थागत दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठन, दुनिया के हर क्षेत्र में संसाधनों को विकास के अंतिम सिरे पर खड़े व्यक्ति तक ले जाने में नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने में परामर्श, वित्त सहित सभी प्रकार की सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि हमारी पृथ्वी को बचाने के लिए सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी की अनंत संभावनाओं को रेखांकित किया। इनमें स्थाई शहरी विकास, आपदाओं का प्रबंधन और शमन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की निगरानी, वन प्रबंधन, जल प्रबंधन, मरुस्थलीकरण को रोकना और खाद्य सुरक्षा शामिल हैं। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि यह सम्मेलन ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास पर चर्चा करने का एक मंच बने। अंत में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा 'वैश्विक भू-स्थानिक उद्योग के हितधारकों के एक साथ आने एवं नीति निर्माताओं और अकादमिक जगत् के एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के साथ, मुझे विश्वास है कि यह सम्मेलन ग्लोबल विलेज को एक नए भविष्य की ओर ले जाने में मदद करेगा।'

भारत ने रूस के खिलाफ दिया अपना वोट

यूएन ने खारिज की पुतिन की मांग

रूस और यूक्रेन के बीच जारी भीषण युद्ध खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रूस के आह्वान को सार्वजनिक रूप से खारिज करने के लिए मतदान किया। बता दें कि रूस ने 193 सदस्यीय निकाय द्वारा इस हफ्ते एक गुप्त मतदान आयोजित करने के लिए कहा था। यह मतदान इस बात के लिए हो रहा था कि क्या यूक्रेन में आंशिक रूप से कब्जे वाले चार क्षेत्रों में मॉस्को के कदम की निंदा की जाए या नहीं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत ने गुप्त मतदान की जगह सार्वजनिक मतदान किया। भारत ने हां में वोट दिया तो वहीं चीन, ईरान और रूस सहित 24 देशों ने अपना वोट नहीं डाला। वहीं रूस के प्रस्ताव को खारिज करते हुए अल्बानिया ने भी गुप्त वोट के बजाय सार्वजनिक वोट की मांग करते हुए प्रक्रियात्मक वोट का आह्वान किया। बता दें कि इस सप्ताह के अंत में यूएनजीए में एक सार्वजनिक मतदान होगा।

निंदा प्रस्ताव को लेकर महासभा ने 107 मतों के पक्ष में निर्णय लिया कि गुप्त मतदान की जगह सार्वजनिक वोट आयोजित किया जाएगा। ज्ञात रहे कि केवल 13 देशों ने रूस का समर्थन करते हुए मसौदा प्रस्ताव पर सार्वजनिक मतदान का विरोध किया। अन्य 39 देशों ने मतदान से परहेज किया। वहीं सार्वजनिक मतदान को लेकर रूस और चीन ने मतदान नहीं किया।

ताइवान ने कहा

भारत मुक्त व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप दे

ताइवान के अनौपचारिक राजदूत बौशुआन गेर ने कहा कि भारत और ताइवान को प्रस्तावित मुक्त व्यापार

- **ताइवानी राजदूत ने कहा, इससे व्यापार और निवेश के सभी अवरोधक हट जाएंगे।**
- **एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने में मिलेगी मदद।**

समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार और निवेश के सभी अवरोधक हट जाएंगे तथा एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने में मदद मिलेगी।

ताइवानी प्रतिनिधि ने कहा कि उनका देश सेमीकंडक्टर, 5जी, सूचना सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे अहम क्षेत्रों में भारत

के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करना चाहता है तथा भारत की उच्च प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में एक 'उत्कृष्ट' साझेदार हो सकता है। उन्होंने कहा कि ताइवान, भारत समेत समान विचारधारा वाले व्यापारिक साझेदारों के साथ एफटीए पर सक्रियता से काम कर रहा है।

गेर ने कहा, एफटीए पर हस्ताक्षर से व्यापार और निवेश के सभी अवरोधक हट जाएंगे और द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश में वृद्धि होगी। इसके साथ ही इससे ताइवान की कंपनियों को उत्पादन का आधार स्थापित करने के लिए भारत में निवेश करने, भारत निर्मित उत्पादों को दुनियाभर में बेचने तथा भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने में मदद मिलेगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की अगस्त में हाई-प्रोफाइल ताइवान यात्रा के बाद से चीन ने 2.3 करोड़ से अधिक की आबादी वाले इस स्व-शासित द्वीप के खिलाफ सैन्य आक्रामकता तेज कर दी है, जिससे वैश्विक चिंता पैदा हो गई है।

शांति और अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार घोषित

बेलारूस के एलेस और रूस-यूक्रेन के संगठनों को मिला शांति का नोबेल

इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार जेल में बंद बेलारूस के अधिकार कार्यकर्ता एलेस बियालियात्स्की, रूसी समूह 'मेमोरियल' और यूक्रेन के संगठन 'सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज' को देने का ऐलान किया गया है।

नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा नॉर्वे नोबेल कमेटी के प्रमुख बेरिट रीज एंडर्सन ने ओस्लो में की। पिछले साल यह पुरस्कार दो पत्रकारों, रूस के दिमित्री मुरातोव और फिलीपीन्स के मारिया रेसा को दिया गया था।



तब उन्हें यह पुरस्कार लोकतंत्र और शांति की अहम जरूरत, फ्रीडम ऑफ स्पीच की हिफाजत के लिए दिया गया था।

तीन अर्थशास्त्रियों को बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए नोबेल



अमेरिका के तीन अर्थशास्त्रियों ने अर्थशास्त्र में 2022 का नोबेल पुरस्कार हासिल किया है।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने यह घोषणा की। इन विजेताओं में यूएस फेडरल रिजर्व के पूर्व प्रमुख बेन बर्नानके, शिकागो विश्वविद्यालय के डगलस डायमंड और सेंट लुईस, मिसौरी में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के फिलिप डाइबविग शामिल हैं। एकेडमी के मुताबिक, तीनों अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए अर्थशास्त्र 2022 का नोबेल मेमोरियल पुरस्कार प्रदान किया गया है। दुनियाभर से इन अर्थशास्त्रियों को बधाई संदेश मिल रहे है।

ब्रिटेन ने ईरान की 'नैतिक पुलिस' पर लगाया प्रतिबंध

ईरान में हिजाब विरोधी उग्र आंदोलन जारी है। प्रदर्शनकारियों के विरोध का केंद्र बने पश्चिमी ईरान की सड़कों पर भी

- **ब्रिटेन ने कहा कि ईरान के सुरक्षा बल हिंसा और हिरासत में लेने की धमकी देकर ईरानी महिलाएं क्या पहनें और सार्वजनिक रूप से उनका क्या व्यवहार हो, इसे नियंत्रित करना चाहते हैं।**

गोलियों और विस्फोटों की गूंज सुनाई दी, जिसमें सुरक्षा बलों की गोली से एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।